# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, शुक्रवार
23 मई 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 84 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


### अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवसः सीएम योगी बोले-

## विकास का ऐसा मॉडल अपनाएं जो आत्मघाती न हो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रकृति और पुरुष का समन्वित रूप ही पर्यावरण है। जैव विविधता दिवस के आयोजन का उद्देश्य यही है कि प्रकृति को बचाते हुए सतत विकास को बचाया जाए।

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जैव विविधता के महत्व को भारत से ज्यादा कोई नहीं समझ सकता। किसी सनातन परिवार में मांगलिक कार्य की शुरूआत शांति पाठ से होती है। ये अपने लिए नहीं होता बल्कि पूरे संसार के कल्याण की कामना के साथ मांगलिक कार्य शुरू होता है। ये वेद की सूक्ति के साथ शुरू होता है। अगर मनुष्य को जीवित रहना है तो संसार के बारे में सोंचना होगा। वेदों में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके बेटे हैं। मुख्यमंत्री लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि जैव विविधता दिवस के आयोजन का उद्देश्य यही है कि प्रकृति को बचाते हुए सतत विकास को बचाया जाए। हमें विकास का ऐसा मॉडल अपनाना चाहिए जो कि आत्मघाती न हो। प्रकृति और पुरुष का समन्वित रूप ही पर्यावरण है। प्राचीन काल में हर गांव में खलिहान की भूमि होती थी। लोग खेत में आग नहीं लगाते थे। पराली में आग नहीं लगाते थे। गांव में खाद का खड्ड होता था। कंपोस्ट के रूप में उसका इस्तेमाल होता था। हर गांव में तालाब था। उसे गंदा नहीं करते थे। सुविधा के साथ खड्ड, खलिहान और गोचर जमीन पर कब्जा हो गया। तालाब के पानी को गंदा कर दिया गया। आज इंसेफेलाइटिस जैसे बीमारी हो गई। अपने लिए हमने बीमारी बुला ली।

शेष पेज 2 पर

### प्रदेश में आंधी-बारिश से जन-जीवन प्रभावित, 19 मौतों के बाद सीएम योगी ने जारी किए दिशा-निर्देश

लखनऊ । प्रदेश में बुधवार को आई आंधी, ओलावृष्टि और बारिश से 19 लोगों की मौत हो गई है। सीएम योगी ने इसका संज्ञान लेते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को कहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी–बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में आगे की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

शेष पेज 2 पर

## किश्तवाड़ में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

### गोलीबारी में एक जवान बलिदान



जम्मू। जम्मू–कश्मीर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों पर शिकंजा कसा है। सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ के सिंहपोरा, चटरू इलाके में तीन से चार आतंकवादियों को घेर लिया। दोनों ओर से गोलीबारी हुई, जिसमें एक जवान बलिदान हो गया।

जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ के चटरू के सिंहपोरा इलाके में में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने गोलीबारी के बाद तीन से चार आतंकियों को घेर लिया। गोलीबारी में एक जवान बलिदान हो गया। फिलहाल इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

शेष पेज 2 पर

### वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम सुनवाई पूरी, कोर्ट ने याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। तीन दिनों तक सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुआ। कोर्ट ने सरकार और याचिकाकताओं का पक्ष सुना।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद तीन प्रमुख मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिए। इनमें उन संपत्तियों को डिनोटिफाई (अववक्फ घोषित) करने की शक्ति से संबंधित मुद्दा भी शामिल है, जिन्हें अदालतों द्वारा, परंपरागत उपयोग के आधार पर या वक्फनामे के तहत वक्फ घोषित किया गया है।

शेष पेज 2 पर

### केंद्र के इस कदम का भगवंत मान ने किया विरोध, बोले- पंजाब के हिस्से का पानी चुराने नहीं देंगे



संगरूर। संगरूर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह शनिवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को नंगल बांध की सुरक्षा के लिए 296 सीआईएसएफ कर्मियों की टुकड़ी तैनात करने के केंद्र के फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सुरक्षा के लिए पंजाब पुलिस पहले से ही वहां मौजूद है। केंद्र सरकार के इस कदम पर सवाल उठाते हुए मान ने पूछा कि जब पंजाब पुलिस पहले से ही बांध पर सुरक्षा मुहैया करा रही है तो सीआईएसएफ कर्मियों को तैनात करने की क्या जरूरत थी। उन्होंने सीआईएसएफ की तैनाती को अनावश्यक और राज्य के लिए वित्तीय बोझ बताया। संगरूर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह शनिवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे।

## मोदी का दिमाग ठंडा है लेकिन अब नसों में बह रहा गर्म सिंदूर', पीएम ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

जयुपर/बीकानेर । : राजस्थान के बीकानेर दौरे पर आए पीएम नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई बातचीत नहीं होगी। अब अगर, भारत पाकिस्तान से बात करेगा तो वह सिर्फ पीओके पर ही करेगा। पानी नहीं दिया जाएगा, व्यापार नहीं होगा। पढ़िए, पीएम के भाषण की बड़ी बातें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन सभी रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत पुनर्विकसित किया गया था।



अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा– मेरी नसों में अब गरम लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है। कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती। पीएम मोदी ने कहा– एक ओर हम सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कर रहे हैं, वहीं नदियों को जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। इससे यहां की धरती और किसानों को लाभ मिलेगा। राजस्थान की वीर भूमि हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बढ़कर कुछ नहीं है। 22 तारीख को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, लेकिन वे गोलियां 140 करोड़ देशवासियों के सीने को छलनी कर गई थीं। इसके बाद देश ने संकल्प लिया कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। आज हमारी सेना के शौर्य से हम उस प्रण पर खरे उतरे हैं। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी थी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा।

**सिंदूर बारूद बनाता है तो क्या होता है** – पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा– हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। साथियों, यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है।

शेष पेज 2 पर

### 'दुनिया आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के साथ आए', सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी पर बोला विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली । विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी समेत तमाम मुद्दों पर जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम आतंकवाद से लड़ने के अपने संकल्प को दुनिया तक पहुंचा रहे हैं। हम चाहते हैं कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए एक साथ आए। उन्होंने कहा कि हम दुनिया से आग्रह करना चाहते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं। पाकिस्तान पिछले 40 वर्षों से भारत के खिलाफ आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। उसके कार्यों को



उजागर करने की आवश्यकता है। उसे भारत के खिलाफ किए गए आतंकी हमलों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। इसलिए सात प्रतिनिधिमंडल बनाए गए हैं। तीन प्रतिनिधिमंडल रवाना हो चुके हैं। यह एक राजनीतिक मिशन है।

चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता पर उन्होंने कहा कि हमने कुछ रिपोर्ट देखी हैं। मुझे इसके अलावा और कुछ नहीं कहना है।

शेष पेज 2 पर

### कुत्ते से तुलना किए जाने पर भड़के प्रियांक खरगे, कहा-

## ये भाजपा की हताशा को दशार्ती है

कर्नाटक। खड़गे ने एक्स पर एक कड़े शब्दों वाले पोस्ट में भाजपा पर हताशा में व्यक्तिगत हमले करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि राजनीतिक और वैचारिक रूप से मुझे निशाना बनाने में असमर्थ भाजपा लाचारी के चलते मुझ पर व्यक्तिगत हमले करने में संतुष्टि पा रही है।

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने विधान परिषद में विपक्ष के भाजपा नेता चालावाड़ी नारायणस्वामी पर पलटवार किया, जिन्होंने कथित तौर पर उनकी तुलना कुत्ते से की थी। खड़गे ने कहा कि मुझे कुत्ता कहने के बाद, क्या आप मुझसे उम्मीद करते हैं कि मैं उन्हें भारत रत्न दूंगा? उन्होंने दावा किया कि



यह टिप्पणी उनकी लगातार राजनीतिक आलोचना से भाजपा की हताशा को दशार्ती है। नारायणस्वामी को मनुवादी नारायणस्वामी बताते हुए खड़गे ने उन पर डॉ. बीआर अंबेडकर के आदर्शों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर ने जो समानता का सपना देखा था, उसे मनुवादी नारायणस्वामी ने कुचल दिया है, जो खुद को संघ परिवार के पैरों तले रखता है।ह्व उन्होंने आगे कहा, ह्लउच्च सदन में एक भाजपा नेता जिसने एक भी चुनाव नहीं लड़ा है, उसे मेरे बारे में बोलने का कोई अधिकार या योग्यता नहीं है, जिसने लोगों का विश्वास अर्जित किया है और तीन बार जीता है। उन्हें पहले कम से कम एक चुनाव लड़ने और जीतने दें और अपनी योग्यता साबित करें। खड़गे ने एक्स पर एक कड़े शब्दों वाले पोस्ट में भाजपा पर हताशा में व्यक्तिगत हमले करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि राजनीतिक और वैचारिक रूप से मुझे निशाना बनाने में असमर्थ भाजपा लाचारी के चलते मुझ पर व्यक्तिगत हमले करने में संतुष्टि पा रही है।

शेष पेज 2 पर

बड़ा बयान | विदेश मंत्री एस जयशंकर का बड़ा बयान

## आसिम मुनीर कट्टरपंथी, पहलगाम आतंकी हमला उसी का नतीजा'

नई दिल्ली । पहलगाम आतंकी हमले पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि 'भारतीय क्षेत्र जम्मू कश्मीर में बर्बर आतंकी हमला किया गया, जहां 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई। यह हमला कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर किया गया था क्योंकि कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर ही आधारित है।

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर तीखा हमला बोला और उन्हें धार्मिक कट्टरपंथी बता दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला उस कट्टरपंथी सोच का ही नतीजा है। नीदरलैंड के एक समाचार पत्र के साथ बातचीत में डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी किए गए आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया।

**पाकिस्तानी सेना प्रमुख को लेकर क्या बोले एस जयशंकर**

पहलगाम आतंकी हमले पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि 'भारतीय क्षेत्र जम्मू कश्मीर में बर्बर आतंकी हमला किया गया, जहां 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई। यह हमला कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर किया गया था क्योंकि कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर ही आधारित है। हमले के द्वारा धार्मिक भेदभाव को बढ़ाने की कोशिश की गई और लोगों को धर्म पूछकर मारा गया। पाकिस्तान की सेना के जो प्रमुख हैं, वो खुद धार्मिक कट्टरपंथी हैं। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला उसी कट्टरपंथी सोच का नतीजा है।'

आतंकी ठिकानों पर किए हमले

विदेश मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के पीछे टीआरएफ और लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठन हैं और टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी भी ली है। उन्होंने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को 2023, 2024 में टीआरएफ पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। जयशंकर ने कहा कि हमने पहलगाम आतंकी हमला करने वाले लोगों की पहचान की और ये कोई छिपी हुई बात नहीं है और उसके बाद उन्हें निशाना बनाया। साथ ही किसी सैन्य या नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों के समर्थन में भारत पर हमला किया।



शेष पेज 2 पर

# असम में पुलिस अधीक्षकों का सम्मेलन संपन्न मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने की समीक्षा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**असम:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में देरगांव के लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी में आयोजित पुलिस अधीक्षकों (एसपी) का सम्मेलन बुधवार को संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में असम पुलिस को अधिक जन-केंद्रित, सक्रिय और जवाबदेह बनाने की रणनीतियों के साथ कानून और व्यवस्था को मजबूत करने, जांच में सुधार और पुलिस सुधारों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया । सम्मेलन के समापन पर अभियोजन निदेशक के लिए व्यापक प्रभाव वाली एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य जांच और अभियोजन प्रक्रियाओं की दक्षता को बढ़ावा देना होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिडिया से बात करते हुए कहा कि सम्मेलन के दौरान उन्होंने असम पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की समीक्षा की, जैसे असम-भूटान सीमा पर हाथी दांत की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, गोलाघाट पुलिस द्वारा मोरीगांव में फर्जी सिम कार्ड रैकेट का पदार्फाश, मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने में बड़ी सफलता, सोनितपुर में साइबर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार करना और जाली मुद्रा के बड़े नेटवर्क को ध्वस्त करना आदि कई विषयों पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि ये प्रयास असम पुलिस के समर्पण को दशार्ते हैं और राज्य के जिलों में अनुकरण के लिए मॉडल प्रदान करते हैं। सम्मेलन ने एक सुरक्षित असम के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो अखंडता पर आधारित है, प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है और राज्य के लोगों द्वारा संचालित है। मुख्यमंत्री सरमा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने असम पुलिस को और अधिक समर्पित और पेशेवर बनाने के लिए अत्यधिक महत्व दिया है। इस प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में, राज्य सरकार अलग-अलग समय पर एसपी के सम्मेलन का आयोजन करती रही है।जब हिमंत बिस्वा सरमा राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था तब पहला एसपी सम्मेलन 9 जून, 2021 को काजीरंगा में आयोजित किया गया था। कल एसपी सम्मेलन के दौरान राज्य के मुख्य सचिव रवि कोटा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव केके द्विवेदी, डीजीपी हरमीत सिंह और राज्य सरकार के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थितियों में सेलेबी को नहीं दे सकते नोटिस, HC में केंद्र सरकार का जवाब

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली । तुषार मेहता ने कहा कि इन कंपनियों के पास महत्वपूर्ण एयरपोर्ट और यात्री डेटा तक पहुंच है। कंप्यूटर डेटा है जिसमें वीआईपी विवरण भी शामिल है, कौन सा विमान उतर रहा है आदि। उनके पास इन सभी विवरणों तक पूरी पहुंच है। भारत पाकिस्तान तनाव के बीच तुर्किए की कंपनी सेलेबी के सुरक्षा मंजूरी रद्द किए जाने के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत में केंद्र सरकार ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के कारण वह सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया को सुरक्षा मंजूरी रद्द करने या सुनवाई का अवसर देने का नोटिस नहीं दे सकती थी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सचिन दत्ता से कहा जब सुरक्षा का सवाल होता है, तो या तो हम कार्रवाई करते हैं या नहीं करते। यह राष्ट्र की सुरक्षा करते हुए विशुद्ध व्यक्तिपरक कार्रवाई के बारे में है। मेहता ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में अधीक्षण की पूर्ण शक्ति का प्रयोग किया जा सकता है। विशेष रूप से, उन्होंने भारतीय वायुयान अधिनियम की धारा 5 का उल्लेख किया, जो नागरिक विमानन सुरक्षा से संबंधित मामलों के संबंध में विनियामक और निरीक्षण कार्यों को करने की शक्ति नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो को प्रदान करती है। मेहता ने कहा कि इन कंपनियों के पास महत्वपूर्ण एयरपोर्ट और यात्री डेटा तक पहुंच है। कंप्यूटर डेटा है जिसमें वीआईपी विवरण भी शामिल है, कौन सा विमान उतर रहा है आदि। उनके पास इन सभी विवरणों तक पूरी पहुंच है। सेलेबी के इस तर्क पर कि सुरक्षा मंजूरी रद्द करने से पहले सुनवाई का कोई अवसर नहीं दिया गया, मेहता ने कहा कि कभी-कभी ऐसा करने से कदम का उद्देश्य विफल हो सकता है। इस मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार दोपहर को होगी। न्यायमूर्ति दत्ता ने सेलेबी की तरफ से पेश मुकुल रोहतगी से पूछा कि क्या कानूनन उन्हें सामग्री प्रदान करना अनिवार्य है। रोहतगी ने जवाब दिया कि वह कारणों की प्रति नहीं मांग रहे, बल्कि उचित सुनवाई का अवसर और नोटिस की मांग कर रहे हैं।

# भीषण गर्मी के बाद अगले एक सप्ताह खुशनुमा रहेगा मौसम, दो दिन के लिए बारिश का अलर्ट जारी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली । मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटे में बृहस्पतिवार सुबह 8:30 बजे तक कुल बारिश 012.3 दर्ज की गई। इसके अलावा, लोधी रोड़ में 012.0 और पालम में 009.8, रिज में 003.2 और आया नगर में 002.0 बारिश रिकॉर्ड की गई।

राजधानी में मई का तीसरा सप्ताह लोगों के लिए आफत बनकर सामने आया है। लगातार गर्मी का अहसास बढ़ता जा रहा है। इसके बीच अच्छी खबर है। भीषण गर्मी के बाद अगले एक सप्ताह मौसम खुशनुमा रहेगा। मौसम विभाग ने 23 और 24 मई के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की से हल्की बारिश के साथ बिजली कड़केगी और तेज हवाएं 30-40 किमी प्रति घंटा की गति से चलेंगी, जो अस्थायी रूप से शाम व रात के समय धूल उड़ाने वाली हवाएं 50 किमी प्रति घंटा तक पहुंचेगी। इसके लिए 25 से 28 मई तक बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटे में बृहस्पतिवार सुबह 8:30 बजे तक कुल बारिश 012.3 दर्ज की गई। इसके अलावा, लोधी रोड़ में 012.0 और पालम में 009.8, रिज में 003.2 और आया नगर में 002.0 बारिश रिकॉर्ड की गई। बृहस्पतिवार को बादल और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। ऐसे में मौसम खुशनुमा रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 34.7 डिग्री दर्ज किया गया। फिलहाल मई में एक भी दिन लू नहीं चली। हालांकि, बुधवार को हुई बारिश ने लोगों को राहत पहुंचाई है।

ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब और आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इससे पहले साल 2024 में छह दिन लू चली थी। वहीं, बृहस्पतिवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी है। आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। बारिश के साथ 30-40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 37 और 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

**रिज में सबसे अधिक तापमान रहा-** रिज में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम में 33.8, लोधी रोड में 33.6 और आया नगर में 34.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। साथ ही, न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.9 डिग्री सेल्सियस कम के साथ 20.8 डिग्री दर्ज किया गया। रिज में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पालम में 19.1, लोधी रोड में 20.8 और आया नगर में 22.2 डिग्री दर्ज हुआ।

# पेज एक का शेष...

## विकास का ऐसा मॉडल अपनाएं जो आत्मघाती न हो

उन्होंने कहा कि क्या हर काम के लिए सरकार पर ही निर्भर रहना चाहिए। पहले कोई व्यक्ति गांव की जमीन पर कब्जा नहीं करते थे। लोग प्रकृति की आराधना करते थे। ऋषि परम्परा में पीपल, बरगद, नीम और आम आदि में ईश्वर का वास बता दिया ताकि हम संरक्षण कर सकें। पहला ग्रास गाय और अंतिम ग्रास कुत्ते का निकाला जाता था। पहले घर में चींटी निकलती थी आता और चीनी डाल देते थे। चींटी चली जाती। आज स्प्रे छिड़क देते हैं। आज हमने विकास के नाम पर अपने लिए समस्या खड़ी कर दी है।

आज हम ड्रेनेज और औद्योगिक कचरे को सीटीपी में ले जाना चाहते हैं जबकि सामान्य ड्रेनेज के लिए सीटीपी की जरूरत नहीं है। मुझे कभी-कभी जीवों के अचानक बदले व्यवहार को देखकर आश्चर्य होता है। जंगली जानवर अचानक हिंसक नहीं होता। उसके कारणों को जानना होगा। 210 करोड़ पौधे लगाकर हमने वन दायरा बढ़ाने की पहल की है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2025 पर 'प्रकृति तथा सतत विकास के साथ सामंजस्य' थीम पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा,जैव विविधता का हमारे जीवन में क्या महत्व है, इपृथ्वी केवल मनुष्यों के रहने के लिए नहीं है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नमामि गंगे के परिणाम कानपुर में देखिए। रामायण का पहला बलिदानी जटायु है। जटायु के लिए संरक्षण केंद्र बनाने पड़ रहे हैं। आज केमिकल की वजह से जटायु अस्तित्व को जूझ रहा है। पता नहीं किसने देसी आम और जामुन के पेड़ काटने के आदेश से दिए। ये पृथ्वी केवल मनुष्य के लिए नहीं है। हमें रहना है तो पर्यावरण, नदी, पेड़, जीव जंतुओं के बारे में सोचना होगा। इसमें सरकार, पर्यावरणविद और आम लोगों को जोड़ने से सार्थक परिणाम सामने आएंगे। पर्यावरण बोर्ड इसमें काम कर रहा है।

## प्रदेश में आंधी-बारिश से जन-जीवन प्रभावित, 19 मौतों के बाद सीएम योगी ने जारी किए दिशा-निर्देश

प्रदेश में 19 लोगों की मौत -पूरे प्रदेश में बुधवार को बिगड़े मौसम ने कई लोगों की जान ले ली। कई लोग आंधी में पेड़ गिरने या टिन शेड की वजह से घायल हो गए। पश्चिम यूपी में सबसे ज्यादा प्रभाव दिल्ली से सटे जिलों में रहा। आंधी-बारिश से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई तो वहीं आम की फसल को नुकसान होने का अनुमान है। प्रदेश में अलग-अलग जिलों में कुल 19 लोगों के मारे जाने की खबर है।

आज यहां बिजली गिरने का अलर्ट- प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं आसपास के इलाकों में।

## किश्तवाड़ में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली कि चटरू के सिंहपोरा इलाके में आतंकी छिपे हैं। सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया। आतंकियों ने खुद को घिरा देख सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से गोलीबारी हुई।

किश्तवाड़ के सब डिवीजन चटरू के सिंहपोरा इलाके में मुठभेड़ हुई। आतंकियों की संख्या तीन से चार है। पहलगाम घटना के पहले यहां इसी क्षेत्र में तीन आतंकियों को मार गिराया गया था।

यह क्षेत्र कश्मीर के अनंतनाग से लगता है। हो सकता है कि ये आतंकी भी कश्मीर से ही आए हों। आतंकी जैश मोहम्मद के बताए जा रहे हैं। फिलहाल इलाके में आतंकियों की तलाशी अभियान चल रहा है।

## केंद्र के इस कदम का भगवंत मान ने किया विरोध, बोले- पंजाब के हिस्से का पानी चुराने नहीं देंगे

संघीय ढांचे में केंद्र के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के महत्व को स्वीकार करते हुए मान ने कहा, "मैं अच्छे संबंध बनाए रखने की कोशिश करूंगा लेकिन अगर केंद्र हमारी मांगों से सहमत नहीं होता है, तो हम पंजाबी हैं, हम इसका डटकर मुकाबला करेंगे।"

केंद्र ने पंजाब और हरियाणा के बीच बांध के पानी के बंटवारे को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच नंगल बांध को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 296 केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों की एक टुकड़ी को मंजूरी दी है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) को सीआईएसएफ के पक्ष में 8,58,69,600 रुपये की सुरक्षा राशि जमा करने के लिए कहा गया है, जिसकी गणना प्रति कर्मचारी 2,90,100 रुपये के हिसाब से की गई है।

मान ने कहा कि वे कहते हैं कि या तो बीबीएमबी या पंजाब यह पैसा देगा। जब पंजाब पुलिस पहले से ही बांध की मुफ्त सुरक्षा कर रही थी, तो इसकी क्या जरूरत थी? हमें पैसे क्यों देने चाहिए? उन्होंने कहा कि मैं इस कदम का कड़ा विरोध करूंगा। हम न तो बीबीएमबी के माध्यम से और न ही पंजाब सरकार के सरकारी खजाने से पैसे दिए जाने देंगे। सुरक्षा घेरा लगाने के केंद्र के इरादे पर सवाल उठाते हुए मान ने पूछा कि क्या वह पंजाब के हिस्से का पानी चुराना चाहता है। उन्होंने कहा, "हम ऐसा नहीं होने देंगे।" मान ने पंजाब भाजपा प्रमुख सुनील जाखड़ सहित भाजपा नेताओं से भी पूछा कि क्या केंद्र का हालिया कदम उनकी मंजूरी से आया है। मुख्यमंत्री ने पूछा कि केंद्र को यह फैसला वापस लेना चाहिए। बांध पंजाब के अधिकार क्षेत्र में आता है। अगर पंजाब अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा कर सकता है, तो वह बांध की रक्षा क्यों नहीं कर सकता?

## वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम सुनवाई पूरी, कोर्ट ने याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले करीब तीन दिन तक वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनीं, जो संशोधित वक्फ कानून के विरोध में याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखा।

केंद्र ने इस अधिनियम का जोरदार बचाव करते हुए कहा कि वक्फ अपने स्वभाव में एक "धर्मनिरपेक्ष अवधारणा" है और इसे रोका नहीं जा सकता, क्योंकि संसद द्वारा पारित किसी कानून को संविधान सम्मत मानने का पूवार्नुमान होता है। याचिकाकताओं की ओर से कपिल सिब्बल ने इस कानून को "ऐतिहासिक कानूनी और संवैधानिक सिद्धांतों से पूर्ण विचलन" बताया और कहा कि यह "गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने" का एक तरीका है। उन्होंने कहा, ह्लयह वक्फ संपत्तियों पर सुनियोजित कब्जे का मामला है। सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं। इस समय याचिकाकताओं ने तीन अहम मुद्दों पर अंतरिम राहत की मांग की है: इनमें से एक मुद्दा न्यायालय द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति से संबंधित था।

राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना, जिसमें याचिकाकताओं का कहना है कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुस्लिमों को ही नियुक्त किया जाना चाहिए। अंतिम मुद्दा यह है कि जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करेगा कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा। 25 अप्रैल को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने संशोधित वक्फ अधिनियम, 2025 के पक्ष में 1,332 पृष्ठों का प्रारंभिक हलफनामा दाखिल किया था और अदालत से इस कानून पर "पूर्ण रोक" लगाने से इनकार करने का अनुरोध किया था। केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की 5 अप्रैल को मंजूरी मिलने के बाद अप्रैल में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित किया।यह विधेयक लोकसभा में 288 सदस्यों के समर्थन से पारित हुआ, जबकि 232 सांसदों ने इसका विरोध किया। राज्यसभा में 128 सदस्य इसके पक्ष में और 95 इसके खिलाफ थे।

## मोदी का दिमाग ठंडा है लेकिन अब नसों में बह रहा गर्म सिंदूर', पीएम ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद चूरू में मैंने कहा था- शपथ है मुझे इस मिट्टी की कि मैं देश को मिटने नहीं दूंगा, देश झुकने नहीं दूंगा...। आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा है। जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें हमने मिट्टी में मिला दिया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, आज उनसे एक-एक कतरे का हिसाब चुकाया गया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा, आज वे अपने घरों में दुबके बैठे हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वे मलबे के ढेर में दबे पड़े हैं।

पीएम मोदी ने कहा- यह प्रतिशोध नहीं, बल्कि न्याय का नया स्वरूप है। यह ऑपरेशन सिंदूर है। यह आक्रोश नहीं, समर्थ भारत का रौद्र रूप है। यह भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर हमला किया था, अब सीधा सीने पर प्रहार किया गया है। आतंक का फल कुचलने की यही नीति है, यही रीति है, यही भारत है और यही नया भारत है।

पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने तीन नियम तय किए हैं। अगर, भारत पर आतंकी हमला हुआ तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। इसे देश के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा, समय सेना तय करेगी। एटम बम की गीदड़ भभकी से भारत डरने वाला नहीं है। आतंकियों और आतंकपरस्त सरकार को एक ही माना जाएगा। पाकिस्तान का "स्टेट और नॉन-स्टेट" वाला खेल अब नहीं चलेगा। भारत ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा।

मेरी नसों में सिंदूर बह रहा - प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म होता है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। अब भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ये कीमत, पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी।

पाकिस्तान का एयरबेस आईसीयू में पड़ा -पीएम ने कहा- पाकिस्तान ने नाल एयरबेस को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन वह उसे रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा सका। वहीं, यहां से कुछ ही दूरी पर स्थित पाकिस्तान का रहिमयारखान एयरबेस आईसीयू में पड़ा है, पता नहीं कब खुलेगा। उसे तहस-नहस कर दिया गया है। अब पाकिस्तान के साथ न ३१ॉीं (व्यापार) होगा और न ३ं" (बात) । अगर, बात होगी तो सिर्फ ढङ्कङ (पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर) की।

पाकिस्तान को पानी नहीं मिलेगा - पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। यह भारत का संकल्प है और दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं डिगा सकती। पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन देने की कीमत चुकानी ही पड़ेगी।

## 'दुनिया आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के साथ आए', सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी पर बोला विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री के साथ बातचीत पर हमने जानकारी दी थी। विदेश मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री को धन्यवाद दिया। वे कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए। विदेश मंत्री ने हाल ही में झूठी और निराधार रिपोर्टों के माध्यम से भारत और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास पैदा करने के प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करने का भी स्वागत किया। बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत और पाकिस्तान के बीच जंग को समाप्त करने का श्रेय लेने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, कि अपनी पिछली ब्रीफिंग में मैंने इस पर बात की थी। मेरे पास कहने के लिए और कुछ नहीं है। आप हमारी स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी जुड़ाव द्विपक्षीय होना चाहिए। बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। आतंकवाद के मामले में हम उन कुख्यात आतंकवादियों को भारत को सौंपने पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं जिनकी सूची कुछ साल पहले पाकिस्तान को दी गई थी।

उन्होंने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि जम्मू और कश्मीर पर कोई भी द्विपक्षीय चर्चा केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करने पर होगी। सिंधु जल संधि भी तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। जैसा कि हमारे प्रधान मंत्री ने कहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।

## ये भाजपा की हताशा को दर्शार्ती है

खड़गे ने कहा कि पार्टी के घृणास्पद बयान भाजपा के कार्यकाल के दौरान हुए बड़े घोटालों को उजागर करने के जवाब में दिए गए हैं, जिसमें गंगा कल्याण घोटाला, बिटकॉइन घोटाला, कर्नाटक कल्याण राज्य दृष्टि योजना बोर्ड घोटाला, कोविड-19 घोटाला और पुलिस सब-इंस्पेक्टर घोटाला शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, उनकी हताशा इस बात से भी उपजी है कि मैं वैचारिक रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को उजागर कर रहा हूं।

अपने खिलाफ की गई पिछली अपमानजनक टिप्पणियों को सूचीबद्ध करते हुए खड़गे ने कहा कि उन्होंने मुझे कॉन्वेंट दलित कहा है, कहा है कि प्रियांक नाम स्पष्ट नहीं है कि वह पुरुष है या महिला, दावा किया कि मेरा शरीर बड़ा हो गया है लेकिन मेरी बुद्धि नहीं बढ़ी है, और यहां तक ??कहा कि मुझे बवासीर हो गई क्योंकि मैंने भाजपा पर सवाल उठाए थे। अब, वे मुझे कुत्ता कहने तक चले गए हैं। ये सभी अपमान मेरे प्रति भाजपा की असीम असहिष्णुता को दशार्ते हैं।

## आसिम मुनीर कट्टरपंथी, पहलगाम आतंकी हमला उसी का नतीजा'

भारतीय विदेश मंत्री ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया। उन्होंने कहा कि भारत औ? पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम द्विपक्षीय तौर पर हुआ। भारत ने जब 10 मई को पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तो पाकिस्तानी सेना ने स्वीकार किया था कि हमें संघर्षविराम करना चाहिए।

# कोणार्क विद्यापीठ में चल रहे समर कैंप का हुआ समापन

**कोणार्क विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेकड़ा में 20 मई से चल रहे समर कैंप का समापन बहुत ही हर्षोल्लास के साथ हुआ।**



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बागपत। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा एवं प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने समर कैंप के सफल आयोजन पर विद्यार्थियों एवं विद्यालय के स्टाफ को बधाई दी। तीन दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने पूल पार्टी, मैंगो पार्टी, जुंबा डांस, एजुकेशनल मूवी, शतरंज और क्रिकेट टूर्नामेंट आदि का आनंद उठाया। समर कैंप में स्पेल वेल कंपटीशन, ब्रेन स्टिमुलेशन, आर्ट क्राफ्ट कंपटीशन और विज्ञान प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र है। छोटे-छोटे बच्चों ने पूल पार्टी में काफी मस्ती की। योग का पूरे विद्यालय के बच्चों ने लाभ उठाया। विद्यालय के उप प्रबंधक अंकित धामा और रामचंद्र शर्मा ने बच्चों के द्वारा बनाए गए साइंस मॉडल की प्रशंसा की। समर कैंप के सफल आयोजन में नलिनी शर्मा, शक्ति राजदान, शालु जैन, सविता शर्मा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर गुलशन चौहान, अजीत सिंह, नीतीश पाराशर, प्रदीप कुमार, दुष्यंत त्यागी, रमा तेवतिया, मेघा धामा, सुमन चौहान, नरेश कुमार, मोनिका शर्मा, शशि त्रिपाठी, मंजू गुप्ता, विनी शर्मा, मोनिका पाल, रीना शर्मा, शिवानी धामा, मोनिका कौशिक, विचित्र मनी, शालिनी शर्मा, अंशु तोमर, शिवानी शर्मा आदि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# यूटा का भ्रष्टाचार पर बड़ा वारः डॉ. मनोज बिश्नोई ने प्रदेश से शुरू की 'जनजागरण क्रांति'

**हरेंद्र तोमर बने बागपत जिला अध्यक्ष, पूजा चौधरी को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी**



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बड़ौत/बागपत। शिक्षकों के अधिकारों, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ने के उद्देश्य से यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) ने बागपत जिले में अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया। बड़ौत स्थित उत्तर प्रदेश यूटा कार्यालय पर एक खुली आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षाविद् शामिल हुए। इस सभा में बागपत जिले की यूटा जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन एवं गठन किया गया।

इस ऐतिहासिक बैठक में हरेंद्र तोमर को सर्वसम्मति से बागपत जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं पूजा चौधरी को जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। यह नियुक्तियाँ न केवल संगठन के विस्तार का संकेत हैं, बल्कि जिले में यूटा की नीतियों को क्रियान्वयन की दिशा में ठोस कदम भी हैं। हरेंद्र तोमर जिला अध्यक्ष, पूजा चौधरी जिला महामंत्री, संजीव पंवार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बिट्टू राठी उपाध्यक्ष, संदीप पंवार मंत्री, पुनीत जैन मीडिया प्रभारी।

जिला संयोजक सतीश कुमार ने सभी नवगठित पदाधिकारियों को पगड़ी व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और संगठन की औपचारिक सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक में उपस्थित बृजपाल सिंह, रामपाल सिंह, विवेक राणा, दिनेश कुमार, मोहिनी चौधरी, अरविंद कुमार, विवेक कुमार, विनीत चौहान आदि गणमान्य शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

# जब तक एक एक हिन्दूवादी को ये पता नही चल जाएगी कि मेरी हिस्ट्रीशीट हिन्दूवादी सरकार के अधिकारियों ने गलत तरीके से खोली है चुप नही बैठूँगा -अनिल यादव छोटे नरसिंहानंद




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

शिवशक्ति धाम डासना का एक प्रतिनिधिमंडल गाजियाबाद पुलिस आयुक्त के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त से हुई पूर्व मुलाकात का जिक्र करते हुए बताया कि अनिल यादव की हिस्ट्रीशीट गाजियाबाद पुलिस द्वारा बिना किसी ठोस आधार के खोली गई है। इस मुलाकात में उपायुक्त (ग्रामीण) को इस मामले की गंभीरता से अवगत कराया गया। अनिल यादव ने इस अवसर पर कहा, ह्लमैं हर हिंदूवादी तक यह बात पहुंचाऊंगा कि मेरी हिस्ट्रीशीट केवल इसलिए खोली गई क्योंकि मैं जिहादियों के खिलाफ खड़ा हूं। यह हिंदूवादी सरकार के अधिकारियों की सनातन विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

उन्होंने आगे कहा कि वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की उम्मीद रखते हैं। शायद मुख्यमंत्री को इस बात की जानकारी नहीं है कि उनके अधीनस्थ अधिकारी अपनी मनमानी और हठधर्मिता से सनातन धर्म को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। अनिल यादव ने चेतावनी दी कि यदि शासन से न्याय नहीं मिला, तो वह और उनके समर्थक लगातार पंचायतें आयोजित करेंगे और अपने अस्तित्व की लड़ाई को हर मंच पर ले जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, ह्लहम सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी आखिरी सांस तक लड़ेंगे। कुछ अधिकारी नहीं चाहते कि सनातन बचे, वे केवल अपनी अकर्मण्यता को छिपाना चाहते हैं। लेकिन हम हर हाल में अपनी लड़ाई जारी रखेंगे शिवशक्ति धाम डासना और अनिल यादव ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई केवल उनकी व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सनातन धर्म और हिंदू समाज के सम्मान और अस्तित्व की लड़ाई है। हम हर संभव मंच पर, हर संभव तरीके से अपनी बात रखेंगे और इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे।

इस प्रकरण में शिवशक्ति धाम डासना की ओर से यह भी घोषणा की गई कि यदि प्रशासन ने इस मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की, तो वे बड़े स्तर पर जनजागरण अभियान चलाएंगे। यह अभियान पंचायतों, सभाओं और अन्य लोकतांत्रिक तरीकों से संचालित होगा, ताकि सनातन धर्म के अनुयायियों को इस अन्याय के बारे में जागरूक किया जा सके। ताकि सनातन धर्म की रक्षा के लिए एक सशक्त आंदोलन खड़ा किया जा सके।

# जैन मंदिर मुन्नालाल एनक्लेव में 28 मई को होगी भक्ति आराधना



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बागपत। नगर के मेरठ रोड मुन्नालाल एनक्लेव स्थित श्री चंद्रप्रभु चेतायल में आगामी 28 मई को शाम 7 बजे भगवान पार्श्वनाथ व माता पद्मावती की भक्ति आराधना का आयोजन किया जाएगा। सुप्रसिद्ध समाज सेविका सीमा जैन, राजेश जैन ने बताया कि भक्ति आराधना में सुप्रसिद्ध गायक कलाकार दीपक सरगम दिल्ली व शुभम जैन बडौत भाग लेंगे और उनके द्वारा भगवान पार्श्वनाथ व माता पद्मावती का गुणगान किया जाएगा। भक्ति आराधना में कई मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की जाएगी और समापन पर सभी को प्रसाद का वितरण किया जाएगा। भक्ति आराधना को लेकर यहां पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। सीमा जैन राजेश जैन ने कहा कि जो भी भक्त भगवान पार्श्वनाथ व माता पद्मावती का सच्चे मन से गुणगान करता है तो भगवान पार्श्वनाथ व माता पद्मावती उनकी सब मनोकामनाएं पूरी करती हैं। उन्होंने इस मौके पर अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से पहुंचकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

# अमरोहा में पत्नी के अपहरण मामले में युवक ने खाया जहर, मेरठ रेफर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमरोहा=अमरोहा में एक युवक ने पत्नी के कथित अपहरण के मामले में जहर खा लिया। थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरेशी निवासी इकबाल ने अब्दुल हादी की दरगाह के पास गुरुवार दोपहर साढ़े तीन बजे बाग धोने की जहरीली दवा का सेवन किया।

इकबाल ने सुसाइड नोट में भाजपा सभासद दानिश और बीएसए विभाग में कार्यरत शिक्षक जहांगीर पर अपनी पत्नी के अपहरण का आरोप लगाया। घटना की सूचना मिलते ही यूपी-112 की पीआरवी टीम मौके पर पहुंची। टीम में एचसी रहीसुद्दीन, कॉन्स्टेबल हिमांशु और चालक कॉन्स्टेबल शुभम कुमार शामिल थे। पुलिसकर्मियों ने बेहोश इकबाल को पीआरवी से जिला अस्पताल पहुंचाया। इकबाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी चौकी इंचार्ज भूड़ थाना अमरोहा नगर को दी गई है।

# गृहकर वृद्धि के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन

गाजियाबाद। कोरवा-यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने गृहकर वृद्धि के विरोध में बुधवार को जिलाधिकारी से मुलाकात करके मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा वार्ड 95 की पार्षद रुकसाना सैफी ने भी बढ़े हुए गृहकर का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखा। उन्होंने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए कहा कि नगर निगम की ओर से नियमों की अनदेखी करते हुए गृहकर वृद्धि की गई है, जिसे वापस लेना होगा। कोरवा-यूपी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक मजबूत आर्थिक स्थिति में गाजियाबाद नगर निगम होने के बाद भी नागरिकों पर सबसे अधिक गृहकर का भार डाल दिया गया है।

# दवाई लेने अस्पताल आई युवती को तमंचे के बल पर अगुवा कर की कोर्ट मैरिज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के जिला अस्पताल आई एक युवती को कुछ लोगों ने तमंचे के बल पर अगुवा कर लिया। इसके बाद युवती को कचहरी ले जाया गया जहां पर उसे उसके भाई व पिता को जान से मारने की धमकी देकर कोर्ट मैरिज कर ली गई। युवती ने घर पहुंचकर अपनी मां से पूरी बात बताई,इसके बाद युवती के पिता ने पुलिस ने मामले की शिकायत की। पुलिस द्वारा कार्रवाई ना किए जाने पर युवती के पिता ने न्यायालय की शरण ली। जहां से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश हुए। न्यायालय के आदेश पर सिविल लाईन्स थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**रजिस्ट्रार के सामने आरोपियों के पक्ष में बयान दिए**-युवती के पिता के अनुसार वह भगतपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। बंटी जोकि उसकी पुत्री का मुमेरा भाई है, उसकी बेटी के साथ अक्सर छेडखानी करता था,बदनामी के डर से यह बात उसने किसी को नहीं बताई। पीड़ित ने बताया कि घटना बीती 18 जून 2024 की है, जब उसकी बेटी मुरादाबाद के सरकारी अस्पताल में दवाई लेने आयी थी। आरोप है कि वहां उसके गांव के ही बंटी व लल्लू सिंह उसे मिले और तमन्चा दिखाकर वकील के चैम्बर पर ले गए,जहां पर दीवांग वर्मा व संक्षित गौतम पहले से वहाँ मौजूद थे और वहां पीड़ित की पुत्री के कागजातों पर हस्ताक्षर करा लिए। उन कागजातों पर बन्टी,दीवांग वर्मा, संक्षित गौतम व उसकी पुत्री का फोटो पहले से ही लगा हुआ था। इन लोगों द्वारा तमन्चा दिखाकर धमकाया कि रजिस्ट्रार के सामने हमारे पक्ष में ही बयान करना नहीं तो तेरे भाई व बाप को जान से मार देंगे। इस भय डर के कारण उसकी बेटी ने रजिस्ट्रार के सामने आरोपियों के पक्ष में बयान दे दिए। युवती के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री आरोपी बन्टी की रिश्ते की मुमेरी बहन है, इस कारण शादी नहीं हो सकती है। आरोपियों द्वारा फर्जी कागजात दर्शाकर उसकी बेटी की शादी बंटी से होना बताया गया है। जो कि पूर्णतः अवैध है।

# अरनोद में निकली तिरंगा रैली, देशभक्ति का दिखा जोश



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

प्रतापगढ़,अरनोद । स्थानीय कस्बे में गुरुवार को दोपहर 2 बजे तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई महाराणा प्रताप सर्कल पर सम्पन्न हुई। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के नारों के साथ पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। जिससे आयोजन और भी आकर्षक बन गया। रैली के दौरान भारत माता की जयवंदे मातरम और जय हिंद जैसे नारे गूंजते रहे।

इस मौके पर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की अपील की और युवाओं से राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कस्बेवासियों ने भी रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेकर देशप्रेम का परिचय दिया।

# महापौर विनोद अग्रवाल अपनी कार पर लगी लाल नीली बत्ती के कारण सवालों के घेरे में





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद । महापौर विनोद कुमार एक बार फिर विवादों में घिर गए। इस बार विवाद की वजह उनकी कार पर लगी लाल नीली बत्ती बनी है। मेयर की बत्ती लगी कार की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पब्लिक पूछ रही है कि जब मोदी योगी वीआईपी कल्चर खत्म करने का दावा कर रहे हैं। तब मेयर विनोद अग्रवाल की कार पर लाल नीली बत्ती क्या कर रही है।

इससे पहले विनोद अग्रवाल ने नाले को पाटकर उस पर अपना जेनरेटर रखवा लिया था । इसे लेकर भी वो विवादों में रहे थे। तब भी जनता ने आवाज उठाई थी कि पूरे शहर में अतिक्रमण के नाम पर घरों के रैंप आदि तुड़वाने वाले मेयर ने खुद ही नाले पर अतिक्रमण करके कब्जा कर रख है।

विनोद अग्रवाल अब अपनी कार पर लगी लाल नीली बत्ती के कारण विवादों के घेरे में है। विपक्षी नेता भी उनकी कार पर लगी इस बत्ती पर सवाल उठा रहे हैं। कुछ नेताओं का कहना है कि मेयर ने जनता से दूरी बना ली है। वह पब्लिक से दूर रह वीआईपी और लग्जरी जीवन व्यतीत कर रहे हैं ।उनके घर में आम इंसान की एंट्री नहीं होती है।

कुछ सपा नेताओं का कहना है कि मेयर नगर की सीमा से बाहर बंगला बनाकर रहते हैं। और वहां सिर्फ वीआईपी लोगों की एंट्री है पब्लिक अपनी समस्या लेकर वहां नहीं जा सकती।

दरअसल भाजपा नेता विनोद अग्रवाल अपनी पत्नी बीना अग्रवाल के निधन के बाद मेयर चुने गए थे। इससे पहले 2 बार बीना अग्रवाल मेयर रह चुकी थी। और अब तीन बार विनोद अग्रवाल जनता द्वारा मेयर चुने जा चुके हैं।

# युवक की घर से निकलते हुई अचानक मौत सात महीने पहले हुई थी शादी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद । भोजपुर थाना इलाके में घर से खाना खाने के बाद दुकान के लिए निकले 25 साल के युवक रेहान कुरैशी की चलते-चलते मौत हो गई। मौत की यह घटना वहां पर लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई। युवक रोज की तरह खाना खाने के बाद घर से दुकान के लिए निकला जैसे ही वह चंद कदम दूरी पर पहुंचा तो लड़खड़ाते हुए सड़क पर गिर गया। युवक को गिरते देख आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंच गए, उसे तत्काल स्थानीय क्लीनिक में ले जाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई।

**जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई**–

नगर पंचायत के मोहल्ला बड़ी मंडी निवासी रिहान कुरैशी (25) पुत्र गुफरान मोबाइल फोन सिम रिटेल में बेचने का काम करता है। युवक का सात महीने पहले ही उत्तराखंड के रामनगर निवासी युवती से विवाह हुआ था। दोपहर को खाना खाने के बाद दो बजे युवक घर से बाजार को जाने के लिए निकला था। घर से चंद कदमों की दूरी पर लड़खड़ाते हुए सड़क पर गिर गया। परिजन पड़ोस में स्थित क्लीनिक पर ले गए, जहां से उसे रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। डॉक्टर का कहना है कि हीट स्ट्रोक से भी शरीर का तापमान बढ़ जाता है, लेकिन युवक घर से निकला तो इसमें हीट स्ट्रोक के चलते गिरना संभव नहीं है। हार्ट स्ट्रोक से मौत हो सकती है, लेकिन यह सब बिना पोस्टमार्टम के कहना उचित नही है।

**एक महीने के भीतर जनपद में इस तरह की तीसरी घटना**– लगभग 20 दिन पहले मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति बुलेट मोटरसाइकिल से गिरकर इसी तरह से मौत सामने आई थी। इसके बाद नागफनी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति साइकिल चलाते समय अचानक से सड़क पर गिर पड़ा था और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। लगातार बढ़ रहे इस तरह के हादसों से मुरादाबाद में की जनता चिंतित है।

सड़क पर गिरा पड़ा युवक रेहान कुरैशी

# संपादकीय

## सुरक्षित दूरी, स्वच्छता-सजगता ही उपचार

दुनिया मानकर चल रही थी कोरोना संक्रमण का काला दौर हमेशा-हमेशा के लिये चला गया है। पिछले कुछ वर्षों से जन-जीवन फिर पटरी पर लौट रहा था। विश्व के कुछ क्षेत्रों में जारी युद्ध और अन्य विषम परिस्थितियों के बीच जारी आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अर्थव्यवस्थाएं कोरोना से पहली स्थिति में पहुंचने के लिये जद्दोजहद कर रही थी। लेकिन कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। कोरोना संक्रमण की वापसी की आहट पहले हांगकांग व सिंगापुर में सुनाई दी। हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं चीन का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामलों में तेजी आने की आशंका जता रहा है। चिंता इस बात की भी है कि भारत में केरल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि एक जनवरी से 19 मई तक देश में ढाई सौ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई के अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की संक्रमण से हुई मौत को लेकर भी चिंता जतायी जा रही है। हालांकि, अस्पताल का दावा है कि एक रोगी कैंसर तो दूसरा किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ित था। बहरहाल, कोरोना के नये वायरस के संक्रमण को लेकर सरकार के स्तर पर गंभीर प्रयास करने तथा नागरिकों को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण की पिछली कई लहरों से सबक लेकर उपचारात्मक नीतियों के क्रियान्वयन व चिकित्सा सुविधाओं को विस्तार देने की जरूरत है। इससे पहले कि वायरस अनियंत्रित हो, सरकार व स्वास्थ्य एजेंसियों को बचाव के उपाय युद्ध स्तर पर करने चाहिए। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बार के संक्रमण के लिये ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जे.ए.1 तथा वेरिएंट एल.एफ.7 और एन.बी.18 जिम्मेदार हैं। बताया जा रहा है कि जे.एन.1 वेरिएंट बहुत तेजी से फैलता है। विश्व के स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि नये वेरिएंट से पीड़ित लोगों में गले में खराश, नींद न आना, छींके आना, खांसी, एंग्जाइटी, नाक बहना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी, थकान व मांसपेसियों में दर्द की शिकायत शामिल हो सकती है। हालांकि, इनमें से कुछ आम इंफ्लूएंजा के लक्षण भी हो सकते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण का टेस्ट करवाना भी जरूरी हो जाता है। वैसा कहना मुश्किल है कि कोरोना का वायरस हमारे बीच से चला गया। वह कहीं गया नहीं बल्कि टीकाकरण से मिली हमारे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता ने उसे रोक दिया। लेकिन दिक्कत यह है कि मौसम परिवर्तन चक्र के बीच में म्यूटेशन से इसके नये वेरिएंट सामने आते हैं। जिनका मुकाबला करने व शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति को इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। निस्संदेह, यह एक चुनौती है, लेकिन इससे घबराने की नहीं, समझदारी और सतर्कता से निपटने की जरूरत है। पिछली कई बड़ी कोरोना संक्रमण की लहरों ने हमें इस संक्रमण से मुकाबले के सबक दिए हैं। एक समय था जब हमारा चिकित्सा ढांचा इसके मुकाबले के लिये तैयार न था। जीवनदायिनी ऑक्सीजन की उत्पादन क्षमता और भंडारण में हम अब आत्मनिर्भर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन अभियान चलाकर हमने 140 करोड़ लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है। हमने अपने नागरिकों को ही सुरक्षा कवच नहीं दिया, बल्कि पूरी दुनिया के अनेक देशों को भारत की वैक्सीन व चिकित्सा सामग्री देकर एक मिसाल कायम की है। दरअसल, कोरोना संक्रमण से बचने के वही उपाय हमें सुरक्षा देंगे, जो हमने पिछले संक्रमण लहरों में सफलतापूर्वक अपनाए थे। इनमें साफ-सफाई का ध्यान रखना है, सुरक्षित दूरी रखनी है, अपने खानपान को सुधारना है, हाथ मिलाने व भीड़भाड़ वालों स्थानों पर जाने से बचना चाहिए। मास्क का उपयोग अनिवार्य शर्त है। लक्षण दिखने पर जांच कराना और खुद को समाज व परिवार से अलग करना समझदारी होगी। हमारी सजगता व चिकित्सातंत्र की सक्रियता के आगे फिर वायरस कहां टिकेगा।

# मैं बागपत हूँ - खंड 11 कोताना - इतिहास, स्वाभिमान और सांप्रदायिक सौहार्द की धरती

**लेखकः सुरेंद्र मलानिया**
**प्रकाशनः नेशनल प्रेस टाइम्स**
**लेखक के दो शब्द**

ह्लमैं बागपत हूँह्व केवल एक लेखमाला नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी की गहराइयों में समाई उस चेतना की आवाज है, जो इतिहास से वर्तमान तक बहती चली आई है। यह श्रृंखला उन गांवों, उन लोगों और उन घटनाओं को उजागर करती है, जिन्होंने बागपत को केवल एक ज़िला नहीं, बल्कि विचार बना दिया।

पाठकों का स्नेह, प्रतिक्रियाएं, और साझा किया गया गर्व झ्र यही मेरी लेखनी की असली ताकत है। नेशनल प्रेस टाइम्स और आप सभी हजारों पाठकों का आभार, जिन्होंने इस सिलसिले को आंदोलन बना दिया। आज हम पहुंचते हैं खंड 11 पर झ्र उस गांव पर, जिसने आजादी के इतिहास और अंतरराष्ट्रीय संबंधों झ्र दोनों में अपनी एक जगह बनाई। आज की कड़ी है झ्र कोताना। पूर्व खंडों की झलक एक यात्रा, गांव दर गांव

खंड 1 बरनावाः महाभारतकालीन लाक्षागृह की धरती, षड्यंत्र और चमत्कार का मिलन।

खंड 2 सिनौलीः रथों और ताबूतों की खुदाई इतिहास की खामोश गवाही। खंड 3 अमीननगर सरायः बागपत का बौद्धिक और व्यापारिक प्रवेशद्वार। खंड 4 माया त्यागी कांडः एक स्त्री की पीड़ा से उपजा जनाक्रोश न्याय की अनसुनी चीख। खंड 5 चरण सिंह का बागपतः धरतीपुत्र, किसानों के नेता जिन्होंने बागपत को राजनीतिक आत्मा दी।

खंड 6 बसौद क्रांतिकारी गांवः बगावत, बलिदान और फांसी के फंदों की कथा जहां आजादी का बीज अंकुरित हुआ। खंड 7 बिजरौल और बड़काः जहां बाबा शाहमल ने जन्म लिया और आजादी का आगाज किया।

खंड 8 बागपत का जन्मः व्याघ्रप्रस्थ से बागपत बनने तक की कथा नदी, धर्म और न्याय की भूमि। खंड 9 मलकपुर के पहलवानः धरती के बेटों की माटी से निकली बल्लमों की फौज, जिन्होंने देश को मल्लयुद्ध में गौरवान्वित किया।

खंड 10 जौहड़ी शूटिंग रेंजः




निशानेबाजों की नर्सरी गोलियों से नहीं, लक्ष्य से बनी पहचान। खंड 11 कोताना जहां बलिदान और भाईचारा साथ-साथ चलता है कोताना, यमुना के किनारे बसा एक गांव, जहां माटी में सिर्फ. फसलें नहीं, बलिदान भी उगे हैं। इतिहास की सबसे गरम सुबहों और सबसे डरावनी रातों में, इस गांव ने कभी झुकना नहीं सीखा। 1857 की क्रांति में कोताना का योगदान जब 1857 का बिगुल बजा, तो बाबा शाहमल सिंह तोमर ने बागपत की धरती पर पहला हथियार उठाया।

कोताना उनके आंदोलन का एक मजबूत किला बना जहां बलराम, जुल्फिकार, हेमराज, रहीम खां, शिवकुमार, नजीर अहमद, अमर सिंह जैसे नौजवानों ने लाठी, बल्लम और हल को ही तलवार बना लिया।

गांव की गलियों में गुप्त संदेश, चौपालों में क्रांतिकारी सभाएं और खेतों में बारूद की चर्चा सब कुछ इस गांव को अद्भुत बना देता है। हिंदू-मुस्लिम एकता कोताना की आत्मा 1857 के महासंग्राम में कोताना में धर्म के नाम पर दीवार नहीं, सेतु बने। हिंदू और मुस्लिम किसान एक साथ एक ही थाली में खाते, एक ही छत के नीचे रणनीति बनाते। मुस्लिम भाइयों ने गुप्त सूचनाएं, घायलों की सेवा और अस्थायी शिविर बना कर यह दिखाया कि आजादी की लड़ाई मजहब की नहीं, इंसानियत की थी। आज भी रामवती अम्मा और करीम मियां के परिवारों की दोस्ती गांव की कहावतों में जीवित है। ईद और एकता रामवीर प्रधान की पहल वर्तमान में भी कोताना उसी सौहार्द की मिसाल बना हुआ है। गांव के प्रमुख रामवीर प्रधान हर साल गांव की ईद मिलन में स्वयं भाग लेते हैं, हिन्दू परिवार सेवइयां बांटते हैं और मुस्लिम भाई रक्षाबंधन में रक्षा बंधवाते हैं। एकता यहां आयोजन नहीं, स्वभाव है। धर्म यहां परिचय है, पहचान नहीं।परवेज मुशर्रफ कोताना का बेटा, सरहद के पार का राष्ट्रपति दुनिया चकित रह गई जब यह तथ्य सामने आया कि पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ के पूर्वज इसी गांव से थे। उनके पिता सैयद मुशर्रफुद्दीन का परिवार कोताना से दिल्ली गया और फिर बंटवारे के बाद पाकिस्तान। कोताना में उनकी 13 बीघा जमीन थी जिसे भारत सरकार ने ह्लशत्रु संपत्तिह्व घोषित कर ?1.38 करोड़ में नीलाम कर दिया। भले ही परवेज मुशर्रफ का रिश्ता सरहदों ने सीमित कर दिया, लेकिन गांव आज भी उन्हें ह्लकोताना का बेटा, जो राष्ट्रपति बनाह्व कह कर याद करता है। आज का कोताना खेतों से कथा तक आज कोताना एक शांत, मेहनती और आत्मगौरव से भरा गांव है। यहां आज भी शाम को चौपालों पर 1857 की कहानियां दोहराई जाती हैं। जहां बच्चों को सिखाया जाता है कि तुम्हारे पुरखों ने डर को नहीं, हक को चुना था। मैं बागपत हूँ...कोताना मेरी वह नस है, जिसमें आजादी का खून बहता है। जहां बलिदान और भाईचारा एक ही सांस में ज़िंदा हैं।जहां आज भी बच्चों को वीरों के नाम सिखाए जाते हैं, और ईद व दिवाली साथ मनती है। जहां इतिहास सिर्फ. किताबों में नहीं, खेतों में भी बोया गया है। कोताना जहां मिट्टी ने सिर्फ राष्ट्रपति की जड़ें नहीं सींचीं, बल्कि एकता की जड़ें भी मजबूत कीं।

लेखकः सुरेंद्र मलानिया
प्रकाशनः नेशनल प्रेस टाइम्स
*श्रद्धांजलि उन अनाम वीरों को, जिनका नाम इतिहास भूल गया, पर जिनकी साँसें कोताना की मिट्टी में आज भी गूंजती हैं।

# भारत की जल कूटनीति से पाकिस्तान लाचार

भारत ने पाकिस्तान को जाने वाले पानी को नियंत्रित करने के साथ ही नदियों से संबंधित डाटा भी साझा करना बंद कर दिया है। प्रधानमंत्री स्पष्ट कर चुके हैं कि 1965, 1971 और कारगिल युद्ध के बावजूद भारत ने सिंधु जल संधि का सम्मान किया लेकिन अब भारत इस पर कोई समझौता नहीं करेगा।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का निर्णय अब पाकिस्तान पर भारी पड़ने लगा है। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के निर्णय के बाद सैन्य अभियानों पर अस्थायी विराम लगा है, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पश्चात भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कई निर्णय और प्रतिबंध यथावत ्लागू हैं। इन निर्णयों में सिंधु जल समझौते को स्थगित करना, पाकिस्तान को निर्यात पर रोक, वीजा प्रतिबंध तथा राजनयिक संबंधों में कटौती जैसे कदम शामिल हैं।

दरअसल, सीजफायर के बावजूद पाकिस्तान की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सबसे बड़ी चुनौती सिंधु जल समझौते के स्थगन को लेकर है, क्योंकि अब भारत इन नदियों के जल प्रवाह को अपनी इच्छानुसार नियंत्रित कर सकता है – चाहे तो जल रोके या छोड़े। यह एक निर्विवाद सत्य है कि सिंधु जल समझौते के अंतर्गत सिंधु बेसिन की तीन प्रमुख नदियां– झेलम, चिनाब और सिंधु– का लगभग 80 प्रतिशत जल पाकिस्तान को मिलता था, जबकि भारत को केवल 19.5 प्रतिशत जल प्राप्त होता था।

उल्लेखनीय है कि भारत अपने हिस्से के जल का भी लगभग 90 प्रतिशत ही उपयोग करता था। लेकिन सिंधु जल समझौते के स्थगन के बाद भारत ने अपने हिस्से के जल को पूरी तरह रोकना शुरू कर दिया। इसके साथ ही, जब भारत के बांधों में जल स्तर बढ़ता है, तो वह बिना किसी



पूर्व सूचना के अतिरिक्त जल छोड़ देता है। पाकिस्तान की कृषि, पेयजल आपूर्ति और उसकी अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा सिंधु बेसिन से बहने वाली नदियों पर निर्भर है। सिंधु बेसिन की छह प्रमुख नदियां पाकिस्तान में प्रवेश करती हैं– जिनमें तीन पूर्वी प्रवाह वाली नदियां हैं सतलुज, ब्यास और रावी और तीन पश्चिमी प्रवाह वाली नदियां हैं झेलम, चिनाब और सिंधु। इनमें से पश्चिमी प्रवाह वाली नदियों– झेलम, चिनाब और सिंधु– का अधिकांश जल पहले पाकिस्तान को मिलता था। लेकिन सिंधु जल समझौते के स्थगन के बाद भारत अब इन नदियों के जल को रोक रहा है। परिणामस्वरूप, पाकिस्तान की कृषि व्यवस्था ही नहीं, अन्य महत्वपूर्ण कार्यकलाप भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

भारत सरकार ने पाकिस्तान के साथ सीमा पर संघर्षविराम का जो निर्णय लिया है, उसके बहुतेरे अंतर्राष्ट्रीय कारण हैं। यह स्थिति चूंकि पाकिस्तान द्वारा लाई गयी थी, इसलिए इस मसले पर पाकिस्तान के पीछे हटने पर भारत को सीजफायर मानना पड़ा। अब भारत, सिंधु जल समझौते को स्थगित करने से मिली अनुकूल परिस्थितियों का लाभ उठायेगा जो स्वाभाविक है। वहीं भारत, स्पष्ट कर चुका है कि आपरेशन सिंदूर केवल स्थगित किया गया है, खत्म नहीं। प्रधानमंत्री भी कह चुके हैं कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता। फिलहाल भारत सरकार सिंधु जल समझौता बहाल करने को तैयार नहीं है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान ने इस मुद्दे को विश्व बैंक ले जाने का प्रयास किया था लेकिन वहां पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी है। विश्व बैंक ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इस मसले में एक मध्यस्थ की भूमिका में था। इसके आगे विश्व बैंक की कोई भूमिका नहीं है। पाकिस्तान अब इस मसले को संयुक्त राष्ट्र ले जाने की तैयारी में लगा है। भारत स्पष्ट कर चुका है कि उसने समझौते के प्रारूप के तहत ही समझौते के स्थगन का कदम उठाया है। पाकिस्तान का इस संदर्भ में कहना है कि अगर सिंधु जल समझौते को भारत द्वारा खत्म किया जाता है और उसकी तरफ आने वाले पानी को रोका जाता है तो वह इसे युद्ध मानेगा। अपनी ओर से इसका हरसंभव विरोध करेगा।

एक ओर पाकिस्तान इस मुद्दे का पुरजोर विरोध करने की बात कर रहा है, वहीं वह भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय से समझौते के स्थगन के फैसले पर पुनर्विचार करने की गुहार भी लगा रहा है। यही नहीं, भारत से सीधे बातचीत के लिए भी तैयार है। पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने इस बाबत संकेत भी दिये हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी दिल्ली की दीर्घकालीन चिंताओं पर चर्चा करने के इच्छुक हैं। पाकिस्तान के अनुरोध पत्र को भारतीय जलशक्ति मंत्रालय ने इस समझौते के लिए अधिकृत विदेश मंत्रालय को भेजा है जिस पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने कह दिया है कि इस मुद्दे पर पुनर्विचार का सवाल ही नहीं उठता।

# विधायक सुरेश्वर सिंह व अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा

## भारत माता की जय से गूंजा आसमान




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
बहराइच। वीर सैनिकों के सम्मान में बृहस्पतिवार को महसी विधानसभा में शौर्य तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। महसी विधायक सुरेश्वर सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोग हाथों में तिरंगा लेकर पदयात्रा में शामिल हुए। लोगों ने सैनिकों के सम्मान में भारत माता के जयकारे लगाए। महसी तहसील प्रांगण से पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। यह पदयात्रा महराजगंज, गोसाईंनपुरवा, विष्णू पुरवा चौराहा होते हुए महसी कस्बा पहुंची। बैंड बाजे के साथ बीच हजारों की संख्या में लोग हाथों में तिरंगा झंडा लेकर यात्रा में शामिल हुए। भारत माता व वंदे मातरम के गगन भेदी जयकारे लगाए गए। विधायक ने ब्लाक परिसर में लगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिलापट्ट पर पुष्प अर्पित कर यात्रा वीर सपूतों को याद किया।

महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि हमारे सैनिकों ने पड़ोसी देश पाकिस्तान में पनाह लिए आतंक वादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। पदयात्रा में नानपारा चीनीमिल के डायरेक्टर अखंड प्रताप सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित,प्रमुख प्रतिनिधि तेजवापुर रमाकर पांडेय, मंडल अध्यक्ष संजय त्रिवेदी, विद्याधर बाजपेई, शैलेंद्र सिंह, मुख्तियार चौहान, बीडीओ महसी हेमंत यादव,शशिकांत बाजपेई, सर्वजीत सिंह, प्रदीप सैनी,धर्मेंद्र शुक्ल, रामकुमार बाजपेई, धीरेन्द्र प्रताप सिंह बेटू,विजय सिंह, अभिजीत मिश्रा,गौरव सिंह चौहान, संजय त्रिपाठी समेत भारी संख्या लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बहराइच में समर कैंप का का हुआ आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बहराइच । विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन ई पी- 2022) के परिपेक्ष में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अचौलिया ब्लाक - फखरपुर जनपद बहराइच में ग्रीष्मावकाश के दौरान विद्यालय में नई खोज,खेल-खेल में सीखने हेतु समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थी प्रतिदिन नियमित पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे । समर कैंप में योगा सेशन मे योग प्रशिक्षक डॉ अमर नाथ के द्वारा विद्यार्थियों को योग से संबंधित विभिन्न योगासन से लगभग 200 प्रतिभागी छात्राओं को परिचित करवाया गया ।विद्यार्थियों ने प्रवक्ता प्रियंका व प्रेम कुमारी के मार्गदर्शन में पूरी उत्साह एवं जोश के साथ रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर, स्वपरिचय, श्मैं हूं देशज मै भी हूं लेखक जैसी गतिविधियों में प्रतिभाग किया । प्रधानाचार्या रीतू सिंह के द्वारा योग प्रशिक्षक डॉ अमर नाथ जी को आभार व्यक्त किया गया व ग्रीष्मावकाश के दौरान संचालित होने वाले समर कैंप के महत्व व उद्देश्यों को बताते हुए कहा गया कि -विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, टीम- वर्क आत्मविश्वास, जीवन - कौशल सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित होगी साथ ही प्रतिदिन की पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों जैसे - खेलकूद, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का समग्र विकास होगा ।

# क्षेत्र के विधुत उपभोक्ताओं को बिजली कटौती व बार-बार की ट्रिपिंग से मिलेगी राहत - सुभाष त्रिपाठी

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बहराइच। तहसील क्षेत्र में बार-बार की ट्रिपिंग और ओवरलोड की समस्या से जूझ रहे विद्युत उपभोक्ताओं को अब राहत मिलने वाली है। पयागपुर क्षेत्र के लिए एक नए फीडर को चालू कर दिया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने गुरुवार को अधीक्षण अभियंता वी. के. राजपूत, उपखंड अधिकारी मुकेश कुमार, अवर अभियंता अनुराग मौर्य सहित अन्य अधिकारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में इस नए फीडर का स्विच ऑन कर शुभारंभ किया। विधायक त्रिपाठी ने बताया कि अब तक भूपगंज बाजार, नूरपुर, मसूदपुर, राधानगर, सफलुपुरवा समेत कई मजरों



की बिजली आपूर्ति बस स्टॉप के मुख्य फीडर से की जाती थी।

इस व्यवस्था में किसी एक स्थान पर फॉल्ट आने पर पूरे क्षेत्र की आपूर्ति बाधित हो जाती थी। लेकिन नए फीडर के संचालन से बस स्टॉप की आपूर्ति को अलग कर दिया गया है। इससे न केवल बार-बार ट्रिपिंग और अत्यधिक लोड की समस्या से निजात मिलेगी, बल्कि किसी एक स्थान पर फॉल्ट होने की स्थिति में पूरे क्षेत्र की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।

नए फीडर के शुभारंभ पर स्थानीय उपभोक्ताओं ने प्रसन्नता जताई और इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने इस पहल के लिए विधायक सुभाष त्रिपाठी का आभार जताया।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने केंद्रीय कारागार 2 का किया निरीक्षण



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बरेली, राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डिलैना खॉन्गडुप द्वारा केन्द्रीय कारागार - 2 / जिला कारागार,बरेली आकर कारागार का निरीक्षण किया गया। विशेष रूप से महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। माननीय सदस्य के साथ निरीक्षण के दौरान श्रीमती नेहा यादव एवं लकी शर्मा उपस्थित रहीं । इस अवसर पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन कुमार मिश्र के साथ-साथ जेलर, संजय कुमार, रतन कुमार तथा डिप्टी जेलर,पीयूष पाण्डेय, अंजुली वर्मा, रीता सागर,चैतेन्द्र प्रसाद, एवं अन्य कारागार स्टाफ द्वारा माननीय सदस्य का स्वागत एवं आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर माननीय सदस्य द्वारा कारागार में वृक्षारोपण भी किया गया।

## बारिश के बाद गिरा पारा, खत्म हुआ लू का असर

लखनऊ। मौसम विभाग ने शुक्रवार को यूपी के 65 से ज्यादा जिलों में तेज रफ्तार हवाएं चलने और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी की चेतावनी जारी किया है। इन इलाकों में कहीं कहीं वज्रपात की चेतावनी के साथ ही 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। उत्तर प्रदेश में बुधवार की रात से बृहस्पतिवार के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में तेज हवाओं के साथ गरज चमक और बूंदाबांदी हुई। वहीं बुलंदशहर में 89 किमी प्रति घंटे तो मेरठ में 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलीं। तराई इलाकों समेत आगरा, अलीगढ़ क्षेत्र के साथ प्रदेश के अन्य पूर्वी इलाकों में भी कहीं कहीं 50 से 80 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं देखने को मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। नगर के राजकीय इंटर कॉलेज में गुरुवार को समर कैंप के दूसरे दिन छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत योगा और व्यायाम से हुई। जिसके बाद खो-खो एवं फुटबाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त छात्र छात्राओं को जलपान कराकर कैम्प का समापन हुआ। समर कैंप के दौरान प्रधानाचार्य देवेश कुमार सिंह, प्रवक्ता संजीव कुमार शर्मा, नजमत अली, मुकेश कुमार, हरेन्द्र प्रताप सिंह, शाजिया उपस्थित रहे।

### चकरपुर कदीम गांव में मारपीट करने पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चकरपुर कदीम गांव के वीरेश की तहरीर के आधार पर गांव के रमेश, जगदीश, पुष्पकर, राजेन्द निवासीगण चकरपुर कदीम थाना शाहबाद पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। वीरेश का आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उसके, भाई जयवीर, पिता महावीर और मां विमला को गन्दी-गंदी गालिया देते हुए घर में आकर मारपीट की। उसके बाद उपरोक्त चारों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घायल हुए लोगों का चिकित्सीय परीक्षण करने के बाद उपरोक्त चारों लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कार्यवाही की है।

### देर रात हार्ट अटैक से अधिवक्ता का निधन साथी अधिवक्ताओ ने रखा शोकसभा का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। तहसील में वकालत कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सुजाउल मियां का देर रात हार्ट अटैक से अकस्मात निधन हो गया सुबह होते ही साथी अधिवक्ताओ को निधन का पता चला तो तहसील में शोकसभा सभा का आयोजन किया गया। तहसील परिसर में बार एसोसिएशन की तरफ से शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा के दौरान वकीलों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक अधिवक्ता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा के दौरान बारएसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट तकरीर उर रहमान, एडवोकेट अनोद कुमार, एडवोकेट मासूम मियां, एडवोकेट सुहैल असरार खा, एडवोकेट आनंद पाल सिंह, एडवोकेट रेहान खां, एडवोकेट सतेंद्र यादव, अभिषेक शर्मा आदि रहे।

### अमरोहा में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक में DM सख्त

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमरोहा। अमरोहा जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आभा आईडी, आयुष्मान गोल्ड कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जांच की। जिलाधिकारी ने सीएससी की कार्यप्रणाली पर चिंता जताई। उन्होंने पाया कि कोई भी सीएससी रात में नहीं खुल रहा है। हेल्थ एटीएम की कार्यप्रणाली को सुधारने के निर्देश दिए गए।

अवैध चिकित्सा प्रैक्टिस पर कड़ा रुख अपनाते हुए, जिलाधिकारी ने झोलाछाप डॉक्टरों और अपंजीकृत अस्पतालों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी। नोडल अधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अगले दिन विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

# दस इंटर कॉलेज ने फर्नीचर के लिए 1 करोड़ की मांग करते हुए लिखा डीआईओएस को पत्र



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। राजकीय माध्यमिक विद्यालय योजनान्तर्गत जिले के 10 इंटर कॉलेज में फर्नीचर की खराब व्यवस्था के चलते विद्यालय प्रधानाचार्यों ने जिला विद्यालय निरीक्षक से फर्नीचर के लिए एक करोड़ रुपये का मांग पत्र भेजा है। जिसकी जिला विद्यालय निरीक्षक संस्तुति कर शिक्षा निदेशालय को भेज दिया है। निदेशालय से स्वीकृत होने के बाद धनराशि स्कूलों को दे दी जाएगी।

फर्नीचर के लिए 10 लाख रुपये प्रति स्कूल की मांग की है जिले के 12 विद्यालयों फर्नीचर की हालत खराब है। जिनमें से 10 इंटर कॉलेज, शिवहरि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज ठाकुरद्वारा,राजकीय इंटर कॉलेज अदलपुर, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज रामपुर घोघर, मुरा.पी.एम.श्री राजकीय इण्टर कालेज, मूँढापाण्डे,राजकीय इंटर कॉलेज, भोजपुर, राजकीय इंटर कॉलेज, शहबाजपुर कलां,राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कुंदरकी,राजकीय इंटर कालिज, मुरादाबाद,पी एम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, नगलिया जट बिलारी, राजकीय इण्टर कालिज सरकडा खास शामिल हैं। इन कॉलेजों ने कॉलेज के फर्नीचर के लिए 10 लाख रुपये प्रति स्कूल की मांग की है। जिसकी संतुति कर जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने प्रस्ताव शिक्षा निदेशालय को भेजा है।

## पंचायत राज अधिकारी को हाइकोर्ट से मिला निलंबन स्टे, 24 जुलाई तक पद बने रहेंगे



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। याचिका समिति और उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने के चलते 8 मई को निलंबित हुए जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा को आखिरकार हाइकोर्ट से राहत मिल ही गई। वाचस्पति झा निलंबन आदेश विरुद्ध उच्च न्यायालय गए, जहां से उन्हें निलंबन स्टे मिल गया है। डीपीआरओ के निलंबन रोकने के आदेश अब शासन जाएंगे।

### वाचस्पति झा ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया

बीती 8 मई को वाचस्पति झा के खिलाफ प्रशासनिक अधिकारियों ने निलंबन की कार्रवाई कर दी थी। इसके बाद वाचस्पति झा ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और निलंबन के विरुद्ध हाइकोर्ट ने स्टे दे दिया। जो कि बुधवार को उच्च न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड हो गया। अब जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा को स्टे लेकर जाना शासन के पास जाना होगा। जिसके बाद वह अपना कार्यभार दोबारा कार्यभार ग्रहण कर सकेंगे। उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए 24 जुलाई तारीख तय की है। तब तक वाचस्पति झा अपने पद पर आसीन रहेंगे।

## अमरोहा में चकबंदी अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का मामला:डेढ़ लाख रुपए लेकर भी किसान का रकबा पूरा नहीं किया, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

हसनपुर अमरोहा -अमरोहा के हसनपुर तहसील के आदमपुर थाना क्षेत्र में एक किसान से रिश्वत लेने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर चकबंदी लेखपाल और कानूनगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

गांव बहादुरपुर मझरा के किसान पृथी ने आरोप लगाया कि चकबंदी के दौरान लेखपाल ने उनके चक का रकबा कम नाप दिया। शिकायत करने पर लेखपाल ने कहा कि सेक्टर में रकबा कम है। इसे वरिष्ठ अधिकारियों से आदेश कराकर पूरा किया जा सकता है।लेखपाल ने इस काम के लिए दो लाख रुपए की मांग की। किसान ने डेढ़ लाख रुपए दे दिए। लेकिन रकम लेने के बाद भी लेखपाल ने जमीन का रकबा पूरा नहीं किया। वह लगातार टालता रहा। पीड़ित किसान ने न्यायालय में शिकायत की। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत के अनुसार, चकबंदी लेखपाल अमित कुमार और कानूनगो हरिश्चंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# आंबेडकर पार्क में बहुजन समाज की एक विशाल महा पंचायत का आयोजन



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

रामपुर शाहबाद। नगर में ज्योतोली रोड आंबेडकर पार्क में एक विशाल महा पंचायत का आयोजन किया गया अंबेडकर पार्क शाहाबाद में छेत्र के बहुजन समाज के सभी सम्मानित साथी एवं भिन्न भिन्न गांव से बहुत से लोग आए वक्ताओं द्वारा समाज में हुए विभिन्न कृत्य के बारे में बात रखी गई एवं समाज को जागरूक किया गया इसी बीच भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सुनील सागर ने समाज को दिशा निर्देश देते हुए समाज में हो रहे हैं अत्याचार एवं भिन्न भिन्न तरह से जागरूक किया समाज मे किस तरह से काम किया जाए इस पर भी फोकस किया इसी बीच भीम आर्मी छात्र संघ जिला अध्यक्ष सुवीर आजाद ने समस्त समाज के लोगों को शिक्षा के बारे में शिक्षा का महत्व बताते हुए सभी को दिशा निर्देश दिए एवं शिक्षा की ओर जाने का सुझाव दिया इसी बीच उपस्थित रहे भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार, छात्र संघ जिला अध्यक्ष सुवीर आजाद, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सागर ।

## मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# विक्रम राव की स्मृति में पत्रकारिता संस्थान खोलने का अनुरोध

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। वरिष्ठ नेता डॉ अम्मार रिजवी ने वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर के विक्रम राव की स्मृति में लखनऊ में जर्नलिज्म इंस्टिट्यूट स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है ।

यूपी प्रेस क्लब में गत 17 मई को डॉ राव की स्मृति में आयोजित शोक सभा में डॉक्टर रिजवी के उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया है।

इस संबंध में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी , यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह और यूनियन की लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उक्त जानकारी यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट के यूनियन के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष मुहम्मद जान तुर्की ने दी।

## सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा:भाजपा विधायक समेत हजारों लोग हुए शामिल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** धनौरा-अमरोहा जिले के धनौरा कस्बे में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा विधायक राजीव तरारा ने यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा में भाजपा कार्यकताओं के साथ स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।

तिरंगा यात्रा रामलीला ग्राउंड से शुरू हुई। यह यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए।

बोले- कई आतंकी ठिकाने नष्ट हुए-विधायक राजीव तरारा ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है। उन्होंने बताया कि सेना ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को नष्ट किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को खुली छूट दी है। तरारा ने कहा कि यह नया भारत है, जो किसी से नहीं डरता।

## जाटव समाज के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट: हसनपुर में युवकों ने कोतवाली पर किया प्रदर्शन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो हसनपुर अमरोहा**

अमरोहा के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में जाटव समाज के खिलाफ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। गांव गुलामपुर के खड़कवंशी समाज के कुछ युवकों ने यह वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

इस घटना से नाराज जाटव समाज के लोग गुरुवार को बड़ी संख्या में हसनपुर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया। कोतवाली गेट के बाहर प्रदर्शन कर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन में मोंटी, विकास, पंकज, कन्हैया, रविशंकर, सुमित, बिट्ठू, अजीत, शक्ति, भूरा, निरोत्तम, अंकुश, सर्जन, मनीष, रिंकू और प्रियांशु सहित कई लोग शामिल थे।

**नशे का कारोबार** | जनपद में फलफूल रहा है नशे का कारोबार

# मेडिकल पर धड़ल्ले से बिक रहा मौत का सामान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। जिले के कई मेडिकल स्टोरों पर खुलेआम नशीली और प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री हो रही है। यह दवाएं आसानी से उन युवाओं तक पहुंचाई जा रही हैं, जो नशे की लत के शिकार हैं या बनने की कगार पर हैं।

जनपद में नशे का अवैध कारोबार दिनों-दिन तेजी से बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि युवा पीढ़ी बड़ी संख्या में इस घातक लत की चपेट में आती जा रही है। इस गिरते सामाजिक परिदृश्य के पीछे सिर्फ

असामाजिक तत्व ही नहीं, बल्कि कुछ मेडिकल स्टोर संचालक भी बराबर के जिम्मेदार नजर आ रहे हैं।

नशे की गिरफ्त में आने के बाद युवा चोरी जैसे अपराध कर रहे है

मिली जानकर के अनुसार, जिले



के कई मेडिकल स्टोरों पर खुलेआम नशीली और प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री हो रही है। यह दवाएं आसानी से उन युवाओं तक पहुंचाई जा रही हैं, जो नशे की लत के शिकार हैं या बनने की कगार पर हैं। वही कुछ पैसे के लालच में कुछ मेडिकल संचालक गैरकानूनी गतिविधि में संलिप्त होकर युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं। नशे की गिरफ्त में आने के बाद युवा चोरी जैसे अपराधों में भी संलिप्त हो रहे हैं। यह स्थिति तब और भी भयावह हो जाती है जब परिवार के लोग सामाजिक बदनामी के डर से किसी नशामुक्ति केंद्र में इलाज कराने से हिचकिचाते हैं

बड़े पैमाने पर नशे का कारोबार फल-फूल रहा है वही स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अब समय आ गया है, कि प्रशासन और पुलिस विभाग जागे। वही अब एक सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब बिना पुलिस की जानकारी के एक पत्ता भी नहीं हिल सकता, तो फिर इतने बड़े पैमाने पर नशे का कारोबार कैसे फल-फूल रहा है? कहीं न कहीं, इसमें पुलिस और कारोबारियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।

उच्च पुलिस अधिकारियों को इस पर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए और जिलेभर में छापेमारी कर नशीली दवाओं की बिक्री पर रोक लगानी चाहिए। खासकर उन मेडिकल स्टोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, जहां प्रतिबंधित दवाएं बेची जा रही हैं। ऐसे मेडिकल संचालकों का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाना चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि दोषी संचालकों के परिवार के किसी भी सदस्य को भविष्य में मेडिकल लाइसेंस न मिले।

# बढ़ चला तापमान,बाजार में दिखने लगा सुनसान जनजीवन अस्तव्यस्त तो पशु-पक्षी भी हो रहे बेहाल

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
ललितपुर,पाली। आसमान में छाए बादलों के बीच भगवान सूर्यदेव की तपिश कम नहीं हो रही है , तपिश के बीच लू की लहर सबको खूब झकोझोर रही है । मौसम के तल्ख मिजाज देख अब लोग सुबह - शाम ही घरों से बाहर निकल रहे है तो जो सड़कों पर बने है वह अपने आवश्यक कार्य से ही बने है । सुबह के दस बजते ही सड़कों पर सुनसान सा छाने लगा है ।



पाली का अधिकतम तापमान अधिकतम 41 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रहा तो दोपहर में आसमान में बादल छाए और हल्की बूंदाबांदी भी हुई लेकिन इसके बाद सूर्यदेव फिर अपन्स रौद्र रूप में आ गए। बढ़ते तापमान के साथ आमजनजीवन तो अस्त व्यस्त है ही साथ ही भीषण गर्मी पशु- पक्षियों को भी बेहाल किए है । तापमान बढ़ता जा रहा है तो पानी अपने रसातल की ओर बढ़ता जा रहा है । कई प्राचीन कुएं , बावड़ी सुख गए है तो सीतामढ़ी झरना , श्री नीलकंठेश्वर झरना की अविरल जलधार भी धीमी पडने लगी है । जंगल में प्राकृतिक जल स्त्रोतों में पानी न होने से जंगली जानवर भी पानी की तलाश में घूमने लगे है । वहीं बढ़ते तापमान के बीच पाली के बाजार की बात करे तो यहां सुबह- शाम ही ग्राहकों की रौनक दिख रही है । दोपहर बाजार में इक्का- दुक्का ग्राहक ही नजर आ रहे है ।

बढ़ती गर्मी के साथ कोल्डड्रिंक्स , गन्ने का रस , आइसक्रीम सबको खूब लुभा रहे है साथ ही देशी आम को लोग उबालकर या भून कर उसका पना ( रस ) बनाकर शक्कर और नमक के बीच भरपूर आनंद उठा रहे है । आम का पना गर्मी व लू से बचाव के लिए बड़ा रामबाण साबित होता है । इसके साथ ही थाली में तरबूज , खरबूज , ककड़ी , हरी सब्जी के साथ नीबू की बड़ी मांग बढ़ गयी है ।

### न समाजसेवी , न नगर पंचायत कोई नहीं पिला रहा पानी

यूं तो पाली में एनकेन मौके पर समाजसेवियों की बड़ी फौज दिखती है लेकिन इन दिनों भीषण गर्मियों में अभी तक एक भी समाजसेवी या स्वयंसेवी संस्थाए राह चलते लोगों को पानी पिलाने आगे नहीं आए । वहीं बात करें नगर पंचायत की तो बसस्टेंड पर बनी उसकी सार्वजनिक प्याऊ खूद बीमारू बनी है । वाटरकूलर महीनों से खराब पड़ा है जिससे शीतल जल नहीं निकल रहा । इसके साथ ही कस्बे के प्रमुख स्थलों पर नगर पंचायत द्वारा अभी तक कोई प्याऊ का शुभारंभ नहीं हुआ ।

# गायत्री परिवार द्वारा 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ विभिन्न संस्कारो एवं महापूणार्हूति के साथ सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
ललितपुर । अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के कुशल निर्देशन में राष्ट्र जागरण हेतु तीन दिवसीय पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन महरौनी के ग्राम खिरिया लटकनजू के श्री खिरिया सरकार हनुमान मंदिर परिसर में विशाल मंगल कलशयात्रा के साथ शुभारंभ हुआ था। द्वितीय दिवस में प्रातः ध्यान, योग, साधना, देवपूजन गायत्री महायज्ञ, संस्कार आदि कार्यक्रम आयोजित किये गए।

तत्पश्चात एक गोष्ठी दीप महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया ,जिसमें ग्रामवासियों ने भागीदारी लेकर धर्म लाभ लिया। तृतीय दिवस में जन्मदिवस, पुंसवन, दीक्षा संस्कार गायत्री यज्ञ के माध्यम से कराए गए। टोली नायक जयप्रकाश व्यास ने राष्ट्र जागरण एवं वर्तमान में विनाशकारी लीलाओ से बचाने के लिए गायत्री महामंत्र का जाप करना आवश्यक है दिवमंच पर ग्राम के पं प्रेमनारायण मिश्रा, पुजारी मनोज कुमार ग्राम प्रधान गणमान्य नागरिक का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समीपवर्ती ग्राम कुआघोषी, छायन, दरोना, नैनवारा,कुम्हेडी, महरौनी आदि ग्राम के भाई-बहिनो की भागीदारी रही।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान कृपा देवी, विश्वनाथ पटेल, निहालसिंह, हीरालाल, धनीराम, मनोज, रामस्वरूप, भैरो प्रसाद, महिपाल सिंह एड, कैलाश नारायण,रीतेश, शैलेन्द्र, हरदेव सिंह, दयाराम, काशीराम, राजीव ओमप्रकाश, अमर सिंह, राजबहादुर खरे ,राजशेखर पाण्डेय, जगभान सिंह, सीताराम, सिया, सोना, रामकुमारी,सीताराम सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन कैलाशनारायण सिसोदिया एवं राजबहादुर खरे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अंत मे ग्रामवासियों एवं परिजनों द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार की टोली का तिलक सम्मान कर विदाई की गयी।

# तेज हवा और बारिश में फाल्ट से घंटों गुल रही बिजली

## पहले हंसारी से बंद हुई बिजली, बाद में नझाई बाजार 33 केवी लाइन में आया फाल्ट

ललितपुर। बुधवार की देर रात में तेज हवा और बारिश के चलते शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली घंटों ठप रही है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को मच्छर और गर्मी होने के कारण परेशान होना पड़ा।
बुधवार की देर रात को जनपद में आंधी आने के चलते गल्ला मंडी उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति रात्रि करीब डेढ़ बजे रोंड़ा से बंद हो गई, जिससे पूरे शहर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। हालांकि कुछ देर बाद बिजली बहाल हो गई। लेकिन देर रात को लगभग दो बजे हंसारी से बिजली आपूर्ति ठप हो गई जो लगभग एक घंटे बाद बहाल हो सकी, लेकिन इसी दौरान गल्ला मंडी उपकेंद्र के पास ही नझाई बाजार की 33 केवी लाइन में फाल्ट हो गया, जिससे घंटाघर, तालाबपुरा और जलसंस्थान फीडर की बिजली ठप हो गई। हालांकि लगभग एक घंटे बाद कर्मचारियों की मदद से फाल्ट को सुधार कर बिजली आपूर्ति बहाल की गई। जबकि गल्ला मंडी उपकेंद्र में स्थापित गोविंद नगर फीडर के अंतर्गत नेहरू महाविद्यालय के पास ग्यारह हजार केवी लाइन में फाल्ट आ गया। जानकारी मिलने पर विद्युत टीम ने पेट्रोलिंग करके फाल्ट की खोज की और सुबह पांच बजे फाल्ट सही कर बिजली आपूर्ति सुचारू की।
विज्ञापन

# मेरी जान तिरंगा है मेरी शान तिरंगा है के उद्घोष से गूंजा बानपुर

## भाजपा मण्डल बानपुर ने कस्बे में निकाली तिरंगा यात्रा



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
ललितपुर,बानपुर। भाजपा मंडल बानपुर के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के सफल आपरेशन व सेना के पराक्रम और शौर्य के क्रम में तिरंगा यात्रा निकाली गई । यह तिरंगा यात्रा कस्बा के रानी अवंती बाई चौराहा से प्रारंभ होकर महाराजा मर्दन सिंह मुख्य चौराहा, मैन मार्केट होकर किले का मैदान पहुंचकर समापन हो गया । इस तिरंगा यात्रा में सम्मिलित सभी लोग अपने हाथों में तिरंगा लेकर लहराते हुए अनुशासित तरीके से चल रहे थे व भारत माता की जय व भारतीय सेना के जयकारे लगा रहे थे साथ ही साथ डीजे पर देशभक्ति गीतों पर एक अलग ही नजारा दृष्टिगोचर हो रहा था ।

इस अवसर पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री मनोहर लाल पंथ,डा0 दीपक चौबे, डा0 आशीष रावत जिला पंचायत सदस्य,सहावेन्द्र प्रताप सिंह, मण्डल अध्यक्ष रामगोपाल विश्वकर्मा, देवेन्द्र कुमार गुप्ता, अरूण द्विवेदी,अबध विहारी पटैरिया , राजबहादुर परमार,मुन्नालाल राजपूत ,रविन्द्र नामदेव, संदीप दुबे अंचल साहू,दीपक राजा, अशफाक खां,रामप्रताप सिंह अजनौरा,अनिल नायक, सत्येन्द्र रावत, रामस्वरूप राजपूत,घनेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, अंकित पांचाल,कमल सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कानपुर पुलिस प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में चुस्त दुरुस्त रही।

# महिला आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
ललितपुर। महिला आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ ललितपुर में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर बताया गया की ग्रीष्मकालीन अवकाश 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के अनेक कार्य संपूर्ण हो चुके हैं जैसे टीकाकरण पोषाहार वितरण भजन दिवस करती रहेगी आंगनवाड़ी विद्यालय में 20 मई अवकाश हो चुका है अतः भीषण गर्मी वालों को देखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकतियों ने छोटे-छोटे बच्चों को अवकाश प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी से मांग की की छोटे-छोटे बच्चे हैं इसलिए गर्मी ल को देखते हुए आंगनवाड़ी केंद्र की छुट्टी सुनिश्चित की जाए और छोटे-छोटे बच्चों का अवकाश प्रदान किया जाए और आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी का कार्य करती रहेगी जिलाधिकारी से कर्मचारी संघ ललितपुर जिला संरक्षक रविंद्र कुमार रावत की अध्यक्षता मे जिला महामंत्री मिथिलेश त्रिपाठी बार ब्लॉक अध्यक्ष किरण राजपूत उषा जैन मड़ावरा जिला अध्यक्ष सुमन राजा सपना यादव आदि समस्त आंगनबाड़ी उपस्थिति रही और जिलाधिकारी से यह भी कहा गया की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों अन्य कार्य केंद्र पर करती रहेंगे ज्ञापन में रविंद्र कुमार रावत जिला संरक्षक मिथिलेश त्रिपाठी महामंत्री बार ब्लॉक अध्यक्ष किरण राजपूत उषा जैन मड़ावरा जिला अध्यक्ष सुमन राजा समस्त आंगनबाड़ी उपस्थित रहे।

# आंधी से पेड़ टूटे, विद्युत लाइन हुई क्षतिग्रस्त

## महरौनी-ललितपुर मार्ग पर पेड़ गिरा, आवागमन बाधित रहा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
महरौनी। बुधवार रात तेज आंधी के दौरान पेड़ों के टूटने से विद्युत लाइन ध्वस्त हो गईं, जिसके चलते सारी रात बिजली गुल रही। विभागीय कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर बृहस्पतिवार को लाइनें ठीक कर सप्लाई बहाल की। इधर महरौनी-ललितपुर मार्ग पर सिलावन के निकट एक पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। जिससे आवागमन बाधित हो गया। आसपास के लोगों ने पेड़ हटाकर करीब एक घंटा बाद रास्ता साफ किया।

रात में आई तेज आंधी के दौरान लोगों की छत पर पड़ी टिन की चादरें उड़ गईं तो कई स्थानों पर कहीं पेड़ों की डालियां टूटकर गिरीं। आंधी से विद्युत सप्लाई ठप हो गई, जिससे पूरी रात अंधेरे में काटना पड़ा। एसडीओ आरपी सिंह ने टीम लगाकर लाइन दुरुस्त कराई तब जाकर शाम 6.45 बजे तक सभी फीडरों की विद्युत सप्लाई बहाल हो सकी। लेकिन रात 7.15 बजे सप्लाई फिर ठप हो गई। उधर, महरौनी से ललितपुर जाने वाले मार्ग पर सिलावन के निकट एक पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। जिससे इस मार्ग का आवागमन ठप हो गया। सुबह करीब पांच बजे आसपास के लोगों ने वाहन चालकों की मदद से पेड़ सड़क से हटवाया तब जाकर रास्ता साफ हो सका। एसडीओ आरपी सिंह ने बताया कि आंधी में क्षतिग्रस्त लाइनों को देर शाम सही कराकर सप्लाई चालू करा दी गई है।

# महीनों से 5 अफसर दबाए बैठे थे जांच, अब उन्हीं तक पहुंची आंच

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
मथुरा। ग्राम पंचायतों में गड़बड़ी की शिकायतों पर अधिकारियों ने जांच के आदेश कर दिए। अब शिकायकर्ता और अधिकारी जांच पूरी होने के इंतजार में हैं, लेकिन जांच अधिकारी महीनों से जांच दबाए बैठे हैं। ऐसे ही आठ मामलों में सात जांच अधिकारियों को सीडीओ ने नोटिस जारी किया है। उन्हें जांच पूरी करने के लिए अंतिम अवसर दिया गया है। ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की शिकायतों में जिला स्तरीय अधिकारी को जिलाधिकारी द्वारा जांच अधिकारी नामित किया जाता है। इसके बाद जांच रिपोर्ट पर ही पूरा दारोमदार टिका होता है। जांच रिपोर्ट में अगर शिकायत सही पाई जाती है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी, नहीं तो




शिकायत निस्तारित कर दी जाएगी। ऐसी ही आठ ग्राम पंचायतों की शिकायत पर सात जिला स्तरीय अधिकारियों को जांच अधिकारी नामित किया गया था। उन्हें एक माह में जांच पूरी करनी थी, लेकिन एक के बाद दो, तीन, चार..और ऐसे ही महीने बीतते गए पर जांच पूरी नहीं हो सकीं। शिकायकर्ता भी जांच पूरी होने की उम्मीद छोड़ चुके हैं। इसी बीच सीडीओ मनीष मीना ने आठ ग्राम पंचायतों के सात जांच अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। उन्होंने 31 मई तक जांच पूरी करने की चेतावनी दी है। इसके बाद भी अगर जांच पूरी नहीं हुई तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के लिए शुरू हुआ हिंदू चेतना यात्रा अभियान

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को मुक्त कराने और मूल गर्भगृह पर भव्य मंदिर निर्माण की मांग को लेकर देशभर में एक बार फिर हिंदू चेतना की लहर उठी है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के नेतृत्व में विभिन्न राज्यों से पदयात्रा और वाहन यात्राओं का सिलसिला शुरू हो चुका है। वन खंडेश्वर महादेव मंदिर, रामघाट बुलंदशहर से संत कांताचार्य महाराज के सानिध्य में 5 जून को भव्य पदयात्रा निकलेगी जो अलीगढ़, इगलास, राया होते हुए 9 जून को मथुरा पहुंचेगी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह दूसरी पदयात्रा होगी। इससे पहले द्वारका से संत राजेश्वर महाराज की अगुवाई में यात्रा मथुरा पहुंच चुकी है। तीसरी यात्रा वैष्णो देवी से




राजेश्वरानंद महाराज के नेतृत्व में आएगी। यात्राएं सिर्फ उत्तर भारत ही नहीं, बल्कि काशी, अयोध्या, चित्रकूट, प्रयागराज, हरिद्वार, ऋषिकेश, पुरी, मदुरई, तिरुपति बालाजी, नासिक, उज्जैन, द्वारका, कामाख्या देवी सहित 12 ज्योतिलिंगों और अन्य तीर्थों से शुरू होंगी। पैदल, बस, स्कूटी, कार और मोटरसाइकिल से यात्राएं निकाली जाएंगी।

महामंडलेश्वर डॉ. आदित्यनंद महाराज ने कहा कि यह चेतना यात्रा मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगी। पद्मश्री डॉ. लक्ष्मी गौतम ने कहा कि अब समय है कि हिंदू समाज एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाए। संत गोविंदानंद तीर्थ महाराज ने इसे लक्ष्य तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। मुकेश कौशिक, बौहरे अमित शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, मयंक भारद्वाज, संजय यादव, राजीव शर्मा आचार्य, रणजीत सिंह, प्रमोद राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# सगे भाइयों का कत्ल: हत्या को हादसा बनाने की साजिश, SDM के पैरों में गिरी तिलक की पत्नी

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूर**
मथुरा के फरह थाना क्षेत्र के पीलुआ सादिकपुर के नगला बंजारा में रविवार की रात दो सगे भाइयों को लाठी डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया। मंगलवार को 36 घंटे बाद एक साथ दोनों भाइयों की चिताएं जलीं। सगे भाइयों की हत्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। इसके चलते गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है। तीन थानों की फोर्स के साथ पीएसी के जवान भी गांव में तैनात किए गए हैं। गोवर्धन की बड़ी परिक्रमा निवासी बच्चन सिंह के पुत्र तिलक सिंह (35) और विनोद (33) रविवार की रात को अपने फरह थाना क्षेत्र के पीलुआ सादिकपुर के नगला बंजारा स्थित अपने पैतृक गांव आए थे। आरोप है कि यहां बिजली लगवाने को लेकर उनका ग्राम प्रधान ताराचंद से फोन पर



विवाद हो गया। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी तो दोनों भाई रविवार की रात को ही बाइक से गोवर्धन के लिए रवाना हो गए, लेकिन रास्ते में ग्राम प्रधान और उनके साथियों ने दोनों भाइयों को घेर लिया। दोनों को इतनी बेरहमी से पीटा कि एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पहले तो पुलिस दोनों युवकों की मौत दुर्घटना में मान रही थी, लेकिन पिता की तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत उसके आधा दर्जन साथियों को हत्या में नामजद किया। मंगलवार की सुबह मृतकों के घर पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। परिजन हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही दोनों भाइयों के अंतिम संस्कार पर अड़ गए। लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे को देखते हुए सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा के साथ फरह, रिफाइनरी, यमुनापार समेत एक प्लाटून पीएसी के जवान गांव में तैनात रहे। बच्चन सिंह ने चौकी प्रभारी पर हत्यारोपियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है। साथ उसकी भूमिका पर भी सवालिया निशान लगाया है। बच्चन सिंह की माने तो रविवार को पूरे दिन चौकी प्रभारी दुर्घटना में युवकों की मौत की तहरीर देने का दबाव बनाते रहे, लेकिन जब वह नहीं माने और थाने पहुंचे। देर शाम तक थाने पर डटे रहने के बाद देर रात पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत उसके साथियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। श्लोक कुमार, एसएसपी ने कहा, हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गईं हैं। कुछ हमलावरों की लोकेशन मिल गई है। जल्द ही हमलारोपियों की गिरफ्तारी हो जाएगी।

# भारत का सौंदर्य अनेकता में एकता

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
शामली। शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में सीबीसई द्वारा निर्देशित नई शिक्षा नीति अंतर्गत एक से अधिक भारतीय भाषाएं सीखाने के लिए गुरूवार को सीबीएसई भारतीय समर भाषा कैंप का आरंभ किया गया। जिसमें करीब 80 बच्चों को पंजाबी एवं मराठी भाषा सीखने का अवसर मिला।






समर कैंप का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या उज्मा जैदी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को छोटी उम्र में एक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए प्रेरित कर बहु भाषावाद को बढ़ावा देना है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों को उनकी मातृभाषा के अलावा अन्य भारतीय भाषा में बातचीत करने में कौशल हासिल कर सक्षम बनाना है। दूसरे राज्य में बोली जाने वाली भाषाओं का ज्ञान बच्चों के भविष्य में भारत में कहीं भी नौकरी पाने में मदद करेगा। एक और भारतीय भाषा सीखे यह आज के समय की मांग है। साथ ही अन्य भारतीय भाषा सीखने से अपनी सम्मान सांस्कृतिक ज्ञान और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा मिलता है। स्कूल में 22 मई से 30 मई तक चलने वाले समर कैंप में बच्चों को विभिन्न भाषाओं और सांस्कृतिक कौशलो के साथ-साथ खेल कलात्मक, सज्जात्मकता, संगीत, नृत्य और चित्रकला एवं अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण भी आनंदमय वातावरण में दिया जाएगा। स्कूल में आयोजित समर भाषा कैंप के प्रथम दिन स्कूल के अध्यापिका रेनू मिश्रा ने बच्चों को मराठी एवं हरमन कौर ने पंजाबी भाषा सिखाकर बच्चों की शब्दावली को समृद्ध किया। बच्चों ने नई भाषा सीखकर अत्यंत रोमांच का अनुभव किया।

# आंधी तूफान से उखड़े पेड़, विद्युत आपूर्ति हुई ठप

## आम की फसल को भारी नुकसान

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
कांधला। नगर एवं क्षेत्र में तेज आंधी तूफान आ जाने से किसानों का भारी नुकसान हो गया कई जगहों पर विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप रही। आम की फसल टूट कर गिर जाने से बाग ठेकेदार एवं मलिक भुखमरी की कगार पर आ गए। कई जगहो पर आसमानी बिजली गिर जाने से कई लोगों के घरों के उपकरण फुंक गए। आम लोगों को गर्मी से राहत मिली है। आम की फसल पकने को तैयार है तेज आंधी तूफान आ जाने के कारण आम के पेड़ों पर लगे कच्चे आम जमीन पर गिर जाने से आम के बगीचों में पेड़ों पर कम एवं जमीन पर कच्चे आम ज्यादा पड़े दिखाई दिए। बाग ठेकेदार एवं मालिकों का कहना है कि कच्चे आम टूटकर गिर जाने से उनका लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

ठेकेदारों का कहना है कि मंडी व्यापारियों से ब्याज पर लेकर लिए गए आम के बगीचों से आम गिर जाने से वह लोग भुखमरी की कगार पर आ गए हैं।



# तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। कस्बा बनत स्थित देवी उमरा कौर वैदिक इंटर कालेज में प्रादेशिक प्रधान कार्यालय लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश भारत स्काउट-गाईड जनपदीय संस्था शामली के तत्वावधान में तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया। गुरूवार को तृतीय सोपान के प्रशिक्षण शिविर में निशा राणा, वंशिका, सृष्टि,कनिका और प्रियांशी की कलर पार्टी का सुन्दर प्रदर्शन रहा। प्रधानाचार्य देवेन्द्र पाल सिंह राणा द्वारा ध्वज फहराकर कलर पार्टी प्रारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग गाईडिंग देशभक्ति को चरित्र में उतारकर बालक को सुसंस्कार प्रदान करती है। गाईड कैप्टन अनीता ने इस शिक्षा को अनुशासन की जननी बताया। आज के प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक आयुष चौधरी, कोमल, मनीषा ने स्काउट गाईड को प्राथमिक चिकित्सा, स्ट्रेचर बनाना, फास्ट फूड से हानियों, किम्स गेम्स, मोर्स कोड आदि का ज्ञान कराया। इस अवसर पर सुषमा शर्मा, मंजु, प्रेरणा, पारूल, रेखा, प्रीतम सिंह प्रीतम, राजिल, विनोद, अनंगपाल आदि मौजूद रहे।

# न्यायिक ने चकबंदी लेखपाल को निलंबित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। चकबंदी आफिस से गांव सुन्ना की धारा-48 की फाईल से पेपर गायब होने पर एडीएम न्यायिक ने चकबंदी लेखपाल को निलंबित करते हुए पेशकार स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने चकबंदी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए चकबंदी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की है।

गुरूवार को जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने डीडीसी चकबंदी ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया। अधिवक्ता सत्यप्रकाश आर्य ने बताया कि सुन्ना गांव की धारा 48 की फाइल से कोई डॉक्यूमेंट चोरी हो गए। फाइल चकबंदी कोर्ट में फाइनल ऑर्डर में पहुंच चुकी थी, लेकिन इसी दौरान भ्रष्टाचार के चलते फाईल से अहम दस्तावेज गायक हो गए। बाद में हंगामा किए जाने पर चकबंदी लेखपाल राहुल धामा के पास से कागजात बरामद हुए। जिसमें पेशकार दिव्यांग भी संलिप्ता पाई गई। उन्होने कहा कि सरकारी फाईल से यदि कागजात गायब होते है तो इससे साफ जाहिर है कि विपक्षी लोगों से सांठगांठ कर कागजों को गायब किया जा रहा है, जिसको अधिवक्ता कतई बर्दाशत नही करेंगे। अधिवक्ताओं के बीच धरने पर पहुंचे एडीएम न्यायिक परमानंद झा ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुना। शिकायत सही पाये जाने पर उन्होने लेखपाल राहुल धामा को निलंबित करते हुए पेशकार दिव्यांग से स्पष्टकीकरण तलब किया गया है।

उन्होने कहा कि सरकार की जीरो टाइलेंस की नीति को देखते हुए कार्यवाही की गई है। साथ ही मामले की जांच सीओ चकबंदी को सौंपी गई है। जिसके बाद संतुष्ट अधिवक्ताओं ने अपना धरना प्रदर्शन खत्म कर दिया। उन्होने एडीएम न्यायिक से विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की है। इस अवसर पर अध्यक्ष रामपाल सिंह, महासचिव जसपाल राणा, रूपेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, प्रदीप पंवार, ओमपाल सिंह, भोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



# पीर बेहराम शाह की मजार पर फिर लगा मेला

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली बिड़ौली। पीर बेहराम शाह की मजार पर महीने की दूसरी जुमेरात में फिर मेले का आयोजन किया गया। अकीदतमंदों गुड़ के चावल चढ़ाकर मन्नत मांगी। मेले में छोटे बच्चों से लेकर बड़ों ने उत्साह के साथ पीर बेहराम शाह के मजार की जियारत की। बृहस्पतिवार को पीर बेहराम शाह की मजार पर दूसरी जुमेरात के मेले में खासी भीड़ देखने को मिली। बिडोली सादात के पास यमुना नदी के बंधे पर यह पीर बेहराम शाह बाबा का मजार पर जेठ और असाढ़ माह में मेले का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालुगण गुड से बने चावलों का प्रसाद पीर पर चढ़ा कर मन्नत मांगते हैं।

# नंगलाराई में आकाशीय बिजली गिरने से ट्रैक्टर जलकर खाक



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
कैराना। खादर क्षेत्र के गांव नंगलाराई में आकाशीय बिजली गिरने से छप्पर के नीचे खड़ा किसान का महिंद्रा ट्रैक्टर जलकर खाक हो गया। इसके अलावा, किसान का कमरे में रखा भूसा भी आग की चपेट में आकर स्वाहा हो गया। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजा दिए जाने की मांग की है। विगत बुधवार शाम अचानक हुई आंधी-बारिश से क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। खादर क्षेत्र के गांव नंगलाराई निवासी इलियास पुत्र अफलातून का महिंद्रा-575 ट्रैक्टर घर के सामने स्थित छप्पर के नीचे खड़ा था। शाम करीब साढ़े सात बजे अचानक तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली छप्पर पर आकर गिरी, जिससे छप्पर में आग लग गई। छप्पर में खड़ा किसान का ट्रैक्टर भी आग की चपेट में आ गया। किसान ने परिजनों व ग्रामीणों के साथ में मिलकर पानी व मिट्टी आदि से छप्पर व ट्रैक्टर में लगी आग पर बामुश्किल काबू पाया। पीड़ित किसान ने प्रशासन से आग से हुए नुकसान का मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

# खेत जा रहे किसान के पुत्र का अपहरण, अभियोग पंजीकृत

## युवक घायल अवस्था में बरामद ,कराया अस्पताल में भर्ती

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
कांधला। थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल में खेत पर जा रहे एक किसान के पुत्र का कार सवार चार लोगों ने हत्या करने की नीयत से अपहरण कर लिया। आरोपी कार सवार मारपीट करने के बाद घायल अवस्था में जंगल में फेंक कर फरार हो गए। अपहरण की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ित परिजनों के साथ मिलकर घायल युवक को आनन-फानन में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर गांव डांगरोल निवासी विकास उर्फ मोन, व गुलाब निवासी शोरम गोयला थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर सहित दो अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की छानबीन करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है जल्दी जांच कर आरोपियों को जेल भेज दिया जाएगा।

# अग्रसैन पार्क में श्री हनुमान और कुल देवी मां लक्ष्मी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
शामली। शहर के अग्रसैन पार्क में श्री हनुमान और कुल देवी मां लक्ष्मी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरूवार को विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई।



गुरूवार को शहर के महाराजा अग्रसैन पार्क में श्री हनुमान व कुल देवी मां लक्ष्मी की मूर्तियों स्थापित करने के लिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। जिसके यजमान अध्यक्ष सुधीर सिंघल और पवन संगल रहे। उन्होने बताया कि मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 23 मई तक चलेगा, 24 मई को मूर्तियों को नगर परिक्रमा निकाली जायेगी और 25 को हवन और मूर्तियों की स्थापना होगी। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर सचिव डा. राजीव बंसल, संजय बंसल, विपिन मित्तल उर्फ मोनू, कुसुम मित्तल, रविन्द्र कुमार मित्तल, तरूण संगल, शशि मित्तल, पवन कुमार, मनीष मित्तल, विराट संगल, पारस संगल आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
कैराना। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर कस्बे के लाला नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक स्टाफ ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भारतीय सेना के पराक्रम को नमन करते हुए हिन्दुस्तान जिंदाबाद के गगनभेदी नारे भी लगाए गए।



गुरुवार को कस्बे के लाला नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज के छात्र-छात्राओं द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, विद्यालय प्रबंधक राजेन्द्र कुमार व प्रधानाचार्य राजीव कुमार आदि द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। तिरंगा यात्रा विद्यालय से प्रारंभ होकर सरस्वती शिशु मंदिर, चौक बाजार, जोडवा कुआं, निर्मल चौराहा, पीपलोतला, पट्टोंवाला, मुख्य शामली-कैराना मार्ग, पुराना बिजलीघर से होते हुए वापिस विद्यालय पर आकर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा पर नगरपालिका स्टाफ एवं नगर के बाशिंदों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। तिरंगा यात्रा के दौरान लगाए गए भारतीय सेना जिंदाबाद, हिन्दुस्तान जिंदाबाद व पाकिस्तान मुदार्बाद के जयघोष से आसमान गूंज उठा। इस अवसर पर डॉ. घनश्याम, सुदेशपाल आर्य, डॉ. रमेश, डॉ. श्रवण कुमार, रामकुमार समेत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बारिश और तेज आंधी के बाद पूरे शहर में अंधेरा छाया



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली**। देर रात्रि आई झमाझम बारिश और तेज आंधी के बाद पूरे शहर में अंधेरा छा गया था। मौसम खराबी के कारण रात्रि में दुकाने भी जल्द बंद हो गई थी। बारिश के बाद शहर के नेहरू मार्किट, भिक्की मोड, कबाडी बाजार, कलंदरशाह, अजंता चौक, कैराना रोड आदि स्थानों पर जलभराव की समस्या रही। गुरूवार सवेरे होने पर जब लोग बाजार की तरफ निकले तो बाजारों में कीचड फैला हुआ मिला। बाजारों में कीचड फैलने से राहगीरों को तो परेशानी हुई ही है साथ ही दुकानदारों को भी परेशानियों का सामना करना पडा। दुकानदारों ने स्वयं हाथों में झाडू और वायपर लेकर साफ सफाई की। शहर के नेहरू मार्किट में दुकानदार स्वयं साफ सफारक करते दिखाई दिये। उन्होने कहा कि नगर पालिका द्वारा नाले और नालियों की साफ सफाई नही कराई गई, जिस कारण जल निकासी न होने से कूडा करकट सडकों पर फैल गया। उन्होने नियमित साफ सफाई कराने की मांग की है।

# जिला संयुक्त चिकित्सालय में सिटी स्कैन का सर्वर डाउन होने से मरीजों को भारी परेशानियों का करना पडा सामना

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। जिला संयुक्त चिकित्सालय में सिटी स्कैन का सर्वर डाउन होने से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। सर्वर डाउन होने से दोपहर 12 बजे तक भी सिटी स्कैन न होने से मरीजों की लाईने लगी रही। कई बार मरीजों द्वारा हंगामा किया गया, लेकिन वहां मौजूद कर्मचारियों व टैक्निशियन ने उनको समझा बुझाकर शांत किया।



देर रात्रि आई झमाझम बारिश और तेज आंधी के बाद वैसे तो पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित रही, लेकिन जिला अस्पताल में बिजली की समस्या नही रही तो नेट का सर्वर डाउन हो गया।

जिला संयुक्त चिकित्सालय में लगी सिटी स्कैन मशीन का गुरूवार दोपहर 12 बजे तक सर्वर डाउन रहा। जिस कारण सवेरे 8 बजे से सिटी स्कैन कराने पहुंचे मरीजों का सिटी स्कैन नही हो सके। इस दौरान मरीज अमित, राजीव, ईनाम, ओमपाल आदि ने हंगामा किया तो जिला अस्पताल के कर्मचारियों और सिटी स्कैन मशीन टैक्निशियन ने उनको समझा बुझाकर शांत किया और सर्वर डाउन होने की जानकारी दी गई। दोपहर 12 बजे के बाद सर्वर बहाल हुआ तो सिटी स्कैन सुचारू रूप से कराये जा सके। सिटी स्कैन मशीन का सर्वर डाउन रहने से मरीजों की भीड लगी रही।

# शिव पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
बूंदी । शिव पब्लिक स्कूल ने 12 वी बोर्ड मे राज्य मे लहराया परचम विज्ञान वर्ग में कुलदीप मीणा शिवबाल छात्रावास व कला वर्ग में छात्रा सुमन चौधरी एवं छात्रा तनिष्का कंवर राजपूत 96 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक अंक प्राप्त किए । जिले में सर्वाधिक 72 छात्राओं का गार्गी में चयन,12 वी कला वर्ग मे घोषित परिणाम मे सुमन चौधरी 96% तनिष्का कवंर 96% अनुष्का गौतम 95% निकिता कुमारी मीणा 94.60% सिमरन मीणा 94.60 तनु रोझ 94.60% रेणुका चौधरी 93.80% अंकिता गुर्जर 92% नेहा चौधरी 91.80% प्रीत रोझ 91.60% अशुंल सिंह राणावत 91.40% अन्वेश तिवाड़ी 91.40% नंनदी वैष्णव 90.80% अर्चना चौधरी 90.60% हर्ष नाथ 90.60% विज्ञान वर्ग कुलदीप मीणा 96 % परमेश्वर सैनी 95.60% अनादि जैन 95.40% अंकित गुर्जर 95.20% कुणाल बडगूजर 94% अजय चौधरी 92.60% विनोद गुर्जर 92.60% पायल कवंर 92.40 % लखन सिंह 91% कृष्ण गूर्जर 90% अंक हासिल कर राज्य मे फिर शिव पब्लिक स्कूल का नाम रोशन कर दिया है प्रबंध निदेशक पवन जी माहेश्वरी ने बताया की 72 छात्राओ का गार्गी मे चयन एंव शत प्रतिशत विधार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण रहने पर विघालय परिवार मे खुशी का माहौल छाया हुआ है प्रधानाचार्य घासीलाल जी बलाई ने बताया की सर्वोच्च अंक प्राप्त पर विघालय परिवार की तरफ से विघार्थियो व अभिभावको को मेडल ट्रॉफी साफा व दुपट्टा पहना कर मुंह मीठा कर भव्य आतिशबाजी के साथ खुशी का इजहार किया

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत खैरथल में कार्यशाला आयोजित।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
खैरथल-तिजारा। 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025' के उपलक्ष्य में आज राजस्थान राज्य सहकार संघ के तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में खैरथल क्षेत्र के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (ढअउर/पैक्स) संचालक मंडल के सदस्य एवं विभिन्न सहकारी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला का शुभारंभ राजस्थान राज्य सहकार संघ के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ स्केल के अतिरिक्त रजिस्ट्रार इन्दर सिंह गुर्जर द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में सहकारिता आंदोलन की ऐतिहासिक भूमिका और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ह्रपैक्स को अब केवल पारंपरिक ऋण वितरण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें बहुउद्देश्यीय सेवाएं प्रदान कर नवाचार की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। इस अवसर पर उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां खैरथल वेद प्रकाश सैनी, दी अलवर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के अधिशाषी अधिकारी प्रवीण कल्ला, उपभोक्ता होलसेल भंडार के महाप्रबंधक प्रकाश नारायण झा, खैरथल क्रय-विक्रय सहकारी समिति की मुख्य कार्यकारी अधिकारी संगीता यादव और राज्य सहकार संघ के प्रतिनिधि वक्ता शिवराज शर्मा ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

## राजस्थान बोर्ड सीनियर सेकेंडरी रिजल्ट-ई.पी. स्कूल के विधार्थियों का रहा दबदबा

### जिला टापर रही साजिया और चहक जोशी स्थानीय विद्यालय इंजीनियर पॉइंट स्कूल खैरथल ने




**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**
राजस्थान बोर्ड सीनियर सेकेंडरी के परिणाम मे बहतरीन प्रर्दशन किया जिसमें कला वर्ग में साजिया पुत्री श्री हमीद खान ने 98.20% अंक प्राप्त किए है और विज्ञान वर्ग में चहक जोशी पुत्री श्री कुलदीप जोशी ने 98% अंक प्राप्त कर जिले का नाम रौशन कर दिया है। ई.पी. स्कूल निदेशक आजाद चौधरी ने बताया कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन के दम पर बच्चों ने यह कर दिखाया। ये दोनों ही बच्चे भविष्य में यूपीएससी करके देश की सेवा करना चाहते है। हाल ही में ई.पी. के छात्र रहे जितेंद्र कुमार जो हाल ही में 376 रैंक प्राप्त कर आईएएस बने हैं। उन्होंने ई.पी. स्कूल का, अपने माता पिता का व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गत वर्ष भी 10वीं क्लास में एकता खरोलिया ने 99.33% अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। बोर्ड रिजल्ट के साथ साथ ही आईआईटी एवं नीट जैसे बड़े एग्जाम में ई.पी. ने अपनी बादशाहत कायम की हुई है। ई.पी. बोर्ड रिजल्ट में भी पीछे नहीं है। बोर्ड रिजल्ट में तरुण 95.60% अंक प्राप्त किए है और इस बार भी आईआईटी मेंस में तरुण कुमार ने 99.80 परसेंटाइल प्राप्त कर खैरथल जिले का नाम रोशन कर दिया। साथ ही नीट एग्जाम में प्रदीप कुमार भी 610 अंक प्राप्त कर खैरथल जिला टॉपर बनने की संभावना है।

## खैरथल की कंगना कौशलानी रही राजस्थान की कॉमर्स टॉपर - राजस्थान बोर्ड सीनियर सेकेंडरी रिजल्ट

### खैरथल-तिजारा जिले का नाम किया रोशन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों खैरथल।**
खैरथलः कॉमर्स स्ट्रीम में कंगना कौशलानी ने 99.20% मार्क्स लाकर राजस्थान राज्य में टॉप किया है। कंगना ने हिंदी, इंग्लिश, बिजनेस स्टडीज और मैथमेटिक्स में 99 अंक हासिल किए हैं। वहीं अकाउटेंसी में उन्हें 100 में 100 अंक हासिल हुए हैं



। रिजल्ट की खबर मिलते ही एंजल एकेडमी की प्रिंसिपल ज्योती छात्रा के घर ढोल बजाते और मिठाई लेकर पहुंची और माला पहनाकर, मिठाई खिला कर बधाई दी बच्ची के दादा दादी ने पोती की कामयाबी पर गर्व महसूस करते हुए हर्ष जताया और बच्ची के पिता गोरव कोशलानी ने बताया कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने फोन पर कंगना बेटी को बधाई देते हुए उनसे उज्जवल भविष्य की कामना की है परिवार मे खुशी का माहौल है और शहर के लोगों गर्वित महसूस कर रहे है और अपने अपने तरीके से बधाई और शुभकामनाये दे रहे है संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष औमप्रकाश रोधा,ब्राहमण समाज अध्यक्ष रामसिंह शर्मा, नगरपरिषद उप सभापति वरूण डाटा, समाज सेवी रविदासवानी ,नेता विपक्ष विक्की चौधरी ,वि प्र कल्याण समिति के संदीप मिश्रा ने खैरथल-तिजारा जिले का नाम राजस्थान मे रोशन करने पर कंगना के उज्जवल भविष्य की कामना की है और बधाई दी है.

> कंगना ने हिंदी, इंग्लिश, बिजनेस स्टडीज और मैथमेटिक्स में 99 अंक हासिल किए हैं। वहीं अकाउंटेंसी में उन्हें 100 में 100 अंक हासिल हुए हैं

## सिक्कल कंपनी के जीएम रंजीत सिंह के घर मे घुसकर हुई मारपीट



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**
सिंगरौली। मिली जानकारी में बताया गया कि आवेदक रंजीत सिह पिता रतन सिह सा. एनसीएल कालोनी निगाही थाना नवानगर जिला सिगरौली (म.प्र.) थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पत्र इस आशय का प्रस्तुत किये कि विनोद सिह सिकरवार व उसके साथी अन्य के द्वारा मेरे मकान मे घुसकर नौकरी मागने की बात को लेकर गाली गुप्ता कर मारपीट किये है,कि रिपोर्ट पर थाना नवानगर मे अपराध क्रमांक 100/2025 धारा 296,115(2),351(2),119(1),333,3(5) इठर का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल का सीसीटीवी फुटेज वगै. के माध्यम से उक्त आरोपियो की पुष्टी कर आवेदक के साथ मारपीट कर नौकरी मागने वाले आरोपियो का पता लगाया गया जो कि विनोद सिह सिकरवार व पुष्पेन्द्र सिह के द्वारा मारपीट करना पाया गया जो तुरन्त मुखबिरो को तैयार कर दोनो आरोपियो की सूचना एवं पता लगाने के लिये तैयार किया गया दोनो आरोपियो का पता तलाश जारी किया गया जो पता तलाश के दौरान दोनो आरोपियो को विवेक नगर निगाही गेट के पास से पकड लिया गया एवं घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया जो आवेदक रंजीत सिह के साथ नौकरी न देने की बात पर मारपीट करना स्वीकार किये जिस पर उक्त दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनो को दी जाकर माननीय न्यायालय बैढन जे.आर.पर भेजा गया जिस पर माननीय न्यायालय बैढन के द्वारा उपरोक्त दोनो आरोपियो को जिला जेल पचौर भेज दिया गया है।

## एनसीएल की दुधिचुआ परियोजना ने आवासीय परिसर में ओपेन जिम का किया शुभारंभ



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**
भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दुधिचुआ परियोजना ने आवासीय परिसर में ओपेन जिम की शुरूआत की इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (दुधिचुआ) विनोद कुमार सिंह ने ओपन जिम का औपचारिक उद्घाटन किया।

एनसीएल दुधिचुआ द्वारा यह कार्य शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस ओपेन जिम के माध्यम से एनसीएल कर्मी तथा स्थानीय लोग सुबह शाम किसी भी समय व्यायाम कर सकेंगे। साथ ही यह ओपन जिम लोगों को एक स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगा। इस अवसर पर परियोजना से अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा कर्मी कल्याण हेतु ऐसे विभिन्न कार्य किए जाते रहे हैं।

# आठनेर में 5 जून से चलेगा वृहद पौधारोपण अभियान

### वुमन फॉर ट्री के तहत महिलाओं की होगी विशेष भागीदारी।



**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल।**
बैतूल। आठनेर नगर परिषद द्वारा अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान वुमन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत 5 जून से 31 अगस्त तक चलेगा। नगर परिषद अध्यक्ष सुषमा मनोज जगताप ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पौधारोपण अभियान नगरीय प्रशासन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चलाया जाएगा। इसमें नगर परिषद क्षेत्र के जल संरचनाओं के आसपास के कैचमेंट एरिया, हरित क्षेत्र, पार्क, शासकीय कार्यालय परिसरों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, जल शोधन संयंत्र परिसरों और अन्य शासकीय भूमि पर पौधे लगाए जाएंगे।

अभियान के प्रथम चरण में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विभिन्न स्थलों का चयन और भ्रमण किया जाएगा। इस चरण में पार्कों और मोक्षधाम के आसपास तथा जल संरचनाओं के समीप पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। नगर परिषद द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। नगर के नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे इस पौधारोपण अभियान में भाग लें और हरियाली बढ़ाने के इस सामूहिक प्रयास को सफल बनाएं।

## कलेक्टर साहब महिला बाल विकास के संजय उईके सार्थक ऐप पर जिला अधिकारी को गुमराह कर रहे



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
बैतूल,सारणी । महिला बाल विकास परियोजना सारनी में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 संजय उईके द्वारा सार्थक ऐप पर हाजिरी लगा कर कार्यस्थल से गायब होकर जिला कार्यक्रम एवं कलेक्टर को गुमराह करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना सारणी में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 संजय उईके द्वारा पिछले कई दिनों से रोजाना 10 बजे सार्थक ऐप पर हाजिरी लगाकर तुरंत ही अपना कार्यस्थल छोड़ देते हैं। इतना ही नहीं जिला प्रशासनिक अधिकारी को गुमराह करने के लिए बाकायदा संजय उईके अपना मोबाइल अपने कार्य स्थल पर बैग में रखकर या कर्मचारी मित्र को देकर ऑफिस से चले जाते हैं। ताकि सार्थक ऐप के जरिए बैतूल में बैठे अधिकारी लोकेशन के आधार पर कर्मचारी को देखें तो वहां अपने कार्य स्थल पर उपस्थित दिखे। इस तरह विभागीय अधिकारियों की आंख में धूल झोंक कर संजय उईके मनमानी कर ड्यूटी के समय अपने बाहरी काम कर आराम फरमाते हैं। इतना ही नहीं इनके द्वारा कार्यस्थल पर कंप्यूटर बंद करके फिल्म प्रोड्यूसर से लंबी-लंबी बातें की जाती हैं, अगर इस बीच कोई हितग्राही योजना की जानकारी लेने आ गया तो समझो उसकी गनीमत आ जाती है, यह महाशय उनके साथ दुर्व्यवहार करने से भी बाज नहीं आते, उन्हें कंप्यूटर खराब है कहकर चलता कर दिया जाता हैं। लंबे समय से इनके द्वारा सैकड़ो हितग्राहियों को परेशान करके सरकारी योजनाओं को पलीता लगाया जा रहा है।

इनका रूवाब मंत्री से काम नहीं :कई बार देखा गया है कि यह ऑन ड्यूटी होते हुए अपने कार्य स्थल पर कर्तव्य के प्रति लापरवाही करते हुए, 6 मई 2025 को 11:46 बजे की फोटो में साफ देखा जा सकता है की किस तरह कंप्यूटर बंद करके कंप्यूटर के मॉनिटर पर दोनों पैर रखकर संजय राजा महाराजा की तरह सरकारी कार्यालय में बैठकर मोबाइल चला रहे हैं, इसी तरह का नजारा आसानी से रोज देखा जा सकता है, फिर भी इन्हें कोई रोकने टोकने वाला नहीं है।

इस संबंध में उनका पक्ष जानने के लिए सहायक ग्रेड 3 संजय उईके और जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम अधिकारी से उनके दूरभाष पर संपर्क कर चर्चा करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों ने सभी मीडिया कर्मियों के नंबर देखकर सवाल जवाब से बचने के लिए कॉल रिसीव नहीं किया।

इनका कहना है :अगर महिला बाल विकास परियोजना के संजय उईके द्वारा हाजिरी लगाकर कार्यस्थल से नदारत रहते हैं तो जांच कर निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी।

## ननि सिंगरौली ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रदेश में दूसरे स्थान पर

### ननि आयुक्त ने कहा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से मिली उपलब्धि



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**
सिंगरौली । नगर निगम वार ग्रेडिंग में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में ऊजार्धानी ने कमाल कर दिया है। नगर निगम संतुष्टि पूर्ण शिकायत निराकरण में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। इसका श्रेय ननि आयुक्त को जाता है। नगर निगम महकमे ने शिकायतकताओं को सबसे अधिक संतुष्टि प्रदान किया है। शिकायतों के निराकरण में छिंदवाड़ा के बाद दूसरे पायदान पर सिंगरौली जिला हैं। प्रदेश स्तर से जारी रिपोर्ट में सिंगरौली नगर निगम को दूसरे स्थान पर रखा गया है। अप्रैल माह में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण के 95.32 अंको के साथ ननि को प्रदेश में यह स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि छिंदवाड़ा को 97.54 अंको के साथ पहले स्थान व नगर निगम सागर को 94.73 अंको के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर से संभाग के रीवा 83.88 अंक और सतना जिले को 88.8 अंक मिले हैं। प्रदेश के 16 नगर निगमों की सूची में सतना 10 वें और रीवा सबसे पीछे 15 स्थान पर है। वही सीएम हेल्पलाइन में त्वरित निराकरण करने वाले अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उसके बाद अधिकारियों को सचेत किया कि शिकायतों के निराकरण में यह स्थिति आने वाले महीनों में भी बनी रहनी चाहिए। सीएम हेल्प लाइन में पेयजल समस्या से जुड़े प्रकरणों, का पहले लेवल पर समय सीमा में निराकरण किया जाए।

शिकायतों के निराकरण व संतुष्टि स्तर पर नगर निगम ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। सीएम हेल्पलाइन में कई तरह की शिकायतों का संतुष्टि के बाद निराकरण करने में वेटेज स्कोर में 56.27 प्रतिशत अंक के साथ ए ग्रेड मिला। जबकि 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज महज 9.07 रहा। वहीं निम्नगुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 10 रहा। नगर निगम में 418 शिकायतें दर्ज की गई थी।

# तय समयावधि में ही सड़क निर्माण हेतु डीसी ने की बैठक, दिया निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
पाकुड़ (झा०खं०), राष्ट्रीय पथ निर्माण परियोजना एनएच 333ए के लिए जमीन अधिग्रहण वाले रैयतों को मुआवजा भुगतान करने हेतु डीसी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान शिमलोंग धरमपुर मोड़ पथ 06 जून तक 3 मौजा का 3डी प्रकाशित करने तथा शेष 4 मौजा का 3डी घोषणा हेतु एनएच डिवीजन देवघर को भेजने का निर्देश दिया। जिला भू अर्जन पदाधिकारी को 9.5 करोड़ भुगतान हेतु राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल देवघर को वाउचर भेजने का निर्देश दिया गया। अंचल हिरणपुर



अन्तर्गत देवपुर एवं हिरणपुर खास का तथा अंचल लिट्टीपाड़ा के करियोडीह तथा रोडगो का बैठक कर रैयतों का समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही शहरकोल प्यादापुर बायपास पथ के 4 मौजों का नोटिस निर्गत करने तथा अधिक से अधिक रैयतों का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार से छोटा मोहनपुर, टेसो हटिया रामपुर एवं एनएच 333ए अन्तर्गत सम्बन्धित मौजों के सम्बन्धित अंचलाधिकारी को यथाशीघ्र खेसरा सत्यापन कर भू अर्जन कार्यालय को सौंपने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, पाकुड़ अंचलाधिकारी भागीरथ महतो एवं सम्बन्धित अंचल के अंचल निरीक्षक, कार्यालय कर्मी देवेंद्र प्रसाद सिंह, जगजीत कुमार भद्र, मिथुन कुमार आदि उपस्थित थे।

# उद्यमिता पंजीकरण सह- जागरूकता कैंप का हुआ आयोजन


**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
पाकुड़ (झा०खं०), उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार एवं झारखण्ड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम द्वारा एमएसएमई के प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के ध्यानार्थ चलाये जा रहे विश्व बैंक समर्थित रैंप कार्यक्रम के तहत गुरूवार को जिला उद्योग कार्यालय पाकुड़ परिसर में आयोजित उद्यमिता पंजीकरण सह-जागरूकता शिविर में एमएसएमई को औपचारिक रूप देने, उद्यमिता पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने सहित उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा किया गया। इस दौरान 10 उद्यमियों ने ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन करवाया, जिससे जिले में औपचारिक



एमएसएमई इकाइयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र पाकुड़ श्री रविंद्र दास* ने कहा कि शिविर का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के पंजीकरण को बढ़ावा देना और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है।

वही ईओडीबी मैनेजर, डीआईसी साहेबगंज चंद्रशेखर शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। गौरतलब है कि एमएसएमई मंत्रालय द्वारा राज्य को रैंप कार्यक्रम के अन्तर्गत करीब 19 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से दो परियोजनाओं एमएसएमई औपचारिककरण और सुविधा केन्द्रों की स्थापना को राज्य रैंप समिति ने मंजूरी दी थी। ईओडीबी मैनेजर को इन परियोजनाओं के जिला स्तरीय क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# जलसहियाओं ने की बाघमारा प्रखण्ड कार्यालय में हंगामा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
धनबाद (झा०खं०), बाघमारा प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को जल सहिया का पेयजल एवं स्वच्छता समिति प्रमंडल टू धनबाद के द्वारा एवं जल जीवन मिशन से सम्बन्धित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। जिसमें बाघमारा प्रखंड की सभी जल सहियाओं को भाग लेने को कहा गया था। जलसहियाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए समयावधि ही प्रखण्ड सभागार पहुंचे। मगर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था न रहने के कारण प्रशिक्षुओं द्वारा बाकी जल सहियाओं को बहार रहने को कहा गया। जिससे जलसहिया भड़क गई, जलसहियाओं ने कहा कि हमें 11:30 बजे प्रशिक्षण में बुलाया गया था, बहुत से जलसहिया सुबह 9:00 बजे ब्लॉक पहुंच गई थी, विभाग के द्वारा किसी प्रकार का व्यवस्था नहीं की गई थी, गर्मी का समय को देखते हुए पीने का पानी का भी व्यवस्था नहीं था, जलसहिया नाराज होकर अपना घर वापस लौट गये, जिसकी शिकायत उच्च पदाधिकारी को करने की बात कही गयी।

# पिस्टल के साथ एक अपराधी गिरफ्तार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
धनबाद (झा०खं०), धनबाद जिले जोगता पुलिस को उस वक़्त एक बड़ी सफलता हात लगी, जब अपराध को अंजाम देने के फिराक में लगे एक अपराधी को हथियार के साथ मौके से गिरफ़्तार किया गया। दरअसल बुधवार की देर रात वरीय पदाधिकारी को मिले गुप्त सूचना के निदेर्शानुसार पुलिस की एक विशेष टीम ने जांच अभियान के दौरान बाइक पर सवार एक अपराधकर्मी रौशन कुमार उर्फ रौशन भारती को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। विशेष जांच अभियान के दौरान पुराना श्याम बाजार, सी०आई०एस०एफ० कैम्प के समीप मोड़ पर एक सफेद रंग का अपाची मोटरसाईकिल पंजीयन संख्या - जेएच 10सीजेड- 6099 को जांच के दौरान रोका गया, जिसके उपरांत बाइक सावर एक अपराधर्मी रौशन कुमार उर्फ रौशन भारती को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया। पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ाये अभियुक्त के द्वारा दिये गये बयान के आधार पर इसके एक अन्य सहयोगीयों तथा मोटरसाईकिल पर सवार दूसरे व्यक्ति के विरुध छापामारी जारी है। गिरफ्तार युवक का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।

# संवेदनशीलता हमारी पहचान है, किसी जरूरतमंद की सेवा करना तीर्थ भ्रमण के बराबर है- मंत्री डॉ इरफान अंसारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
रांची, जिसका कोई नहीं उसका खोदा होता है यारो,, यह कहावत सठिक साबित हुआ है। रांची रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के बाहर किसी अज्ञात बेरहम इन्सान ने एक वृद्धा माता को छोड़कर नौ-दो ग्यारह हो गया। जिस पर किसी नेक इंसान के नजर पड़ते ही मंत्री डॉ इरफान अंसारी के संज्ञान में दिया। साथ ही मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने संज्ञान में लेते हुए रिम्स, रांची के निदेशक को वृद्ध माता की समुचित इलाज हेतु निर्देशित किया। जिसकी इलाज रिम्स, रांची में चल रही है। उन्होंने असहाय की सहयोग करने की अपील भी की। वही राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने एक्स हैंडल पर पोस्ट



करते हुए लिखा कि रिम्स ट्रामा सेंटर के बाहर एक वृद्ध माताजी को लावारिस हालत में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा छोड़ दिया गया था यह मामला मेरे संज्ञान में जब आया तो मैंने तुरंत रिम्स प्रबंधन को निर्देशित कर वृद्ध माताजी का समुचित इलाज और देखरेख करने का निर्देश दिया। जिसके बाद रिम्स के चिकित्सकों द्वारा वृद्ध माताजी की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें समुचित इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही उनकी देखरेख की जा रही है। मेरा आप सभी से अपील है कि मानवता के नाते किसी घायल या जरूरतमंद व्यक्ति की तस्वीर खींच करके सोशल मीडिया में डालने से पहले उनकी सहायता करें ताकि उन्हें समय पर मदद मिल सके।

# आमजनों की यातायात सुविधार्थ में फुटपाथ पर चला नगर परिषद का डंडा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने समेत आम नागरिकों को हो रही असुविधा के ध्यानार्थ पाकुड़ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरिंदर कुमार चौधरी के निर्देश पर शहर के मुख्य सड़क किनारे फूटपाथ पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से फल और सब्जी बेचने वाले अन्य के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्यपालक पदाधिकारी के नेतृत्व में एन्फोर्समेंट टीम ने बुधवार को शहर के मुख्य बाजार, तिन बांग्ला, हाटपारा और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे और फूटपाथ पर अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल और दुकानें हटाई गईं। मौके पर ही नियमों का उल्लंघन करने वालों से ?100 से ?200 तक का जुमार्ना भी वसूला गया। अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गयी कि यदि वे दोबारा फूटपाथ पर दुकानदारी करते पाये गये तो उनके खिलाफ जुमार्ना वसूलते हुए कार्रवाई भी की जायेगी।

# सब जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में साहेबगंज के खिलाड़ी होंगे शामिल



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
साहेबगंज (झा०खं०), भारतीय कुश्ती संघ एवं चंडीगढ़ कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 25 से 27 मई तक चंडीगढ़ के पलवल शहर में आयोजित अंडर-17 सब जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में साहेबगंज जिले के तीन होनहार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। फूलो-झानो इनडोर स्टेडियम, साहेबगंज में संचालित खेलो इंडिया कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षु ऋषि चौधरी (फ्री स्टाइल 45 किलो वर्ग), सोनू कुमार (फ्री स्टाइल 60 किलो वर्ग) एवं सत्यम चौधरी (ग्रीको-रोमन 65 किलो वर्ग) का चयन झारखण्ड टीम में किया गया है। जिले से चयनित तीनों कुश्ती खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा समेत जे.ओ.ए सदस्य राजेश यादव, कल्याण श्रीवास्तव, माधव चंद्र घोष, संतोष उर्फ टिंकू, कोच योगेश यादव, अशोक साहनी, जिला कुश्ती संघ की सचिव नमिता कुमारी, खेलो इंडिया कुश्ती कोच प्रकाश सिंह बादल, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, गौतम झा, गौरव झा समेत जिलेवासियों ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

# एसपी प्रभात कुमार ने नगर थाना का लिया जायजा, दिया निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड के पाकुड़ एसपी की वाहन अचानक थाना में इंट्री होते देख नगर थाना पुलिस सकते में रह गये। दरअसल पाकुड़ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने अचानक पाकुड़ नगर थाना का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ने हर एक अवयवों का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा पाकुड़ नगर थाना में लंबित



सभी कांडों का विस्तृत समीक्षा की गयी। तत्पश्चात सभी अनुसंधानकर्ता को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। साथ ही थाना में लंबित वारंट एवं परिवाद की भी समीक्षा करने के पश्चात त्वरित निष्पादन करने का आदेश भी दिया।

# सड़क दुघर्टना में युवक की मौत, ग्रामीणों में शोक का आलम

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
साहेबगंज (झा०खं०), कोटालपोखर थाना अन्तर्गत कोटालपोखर - हिरणपुर मुख्य सड़क के बड़ा सोनाकड़ के समीप बुधवार रात करीब 08:30 बजे श्यामनगर गांव के एक युवक शेराजुल अंसारी (पिता- शेजारुद्दीन अंसारी) अपने घर श्यामनगर से ससुराल भौंरा बांध जा रहा था। तभी बड़ा सोनाकड़ छोटा पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से शेराजुल अंसारी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार श्यामनगर के ग्रामीण को दुर्घटना की खबर मिलते ही लोग घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस से दुर्घटना को सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझा बुझाकर शान्त कराया। वही कोटालपोखर थाना पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अस्पताल भेजवाया।

# आराध्या फाउंडेशन ने बेटी के विवाह में की आर्थिक सहायता

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, गोड्डा झारखंड।**
गोड्डा/ बसंतराय : प्रखंड अंतर्गत महेशपुर गांव में एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायी क्षण देखने को मिला जब आराध्या फाउंडेशन के बैनर तले फाउंडेशन के संस्थापक सह अध्यक्ष धीरज ठाकुर के निर्देश पर स्वर्गीय अंग्रेजी रविदास के घर पर एक बेटी के विवाह के अवसर पर फाउंडेशन की टीम ने पहुंचकर आर्थिक सहायता प्रदान की।

इस पुनीत अवसर पर फाउंडेशन की ओर से नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल




भविष्य की कामना की गई। इस पहल ने न केवल परिवार को संबल प्रदान किया, बल्कि समाज में बेटियों के सम्मान और सहयोग की मिसाल भी कायम की।

वहीं गांव वासियों ने फाउंडेशन के इस कार्य की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सहयोग का सशक्त उदाहरण बताया। आराध्या फाउंडेशन पहले भी जरूरतमंद परिवारों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहायता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करता रहा है।

# रानी अहिल्याबाई के 300 वीं जयंती समारोह में शामिल हुए अंचलाधिकारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
जामताड़ा (झा०खं०), कमार्टांड़ प्रखंड क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर विद्यासागर में रानी अहिल्याबाई के 300 वीं जयंती के उपलक्ष पर आयोजित दादा-दादी, नाना- नानी सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरूआत कमार्टांड़ अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे, संकुल संयोजक रमेश सिंह, काली प्रसाहा विद्यालय प्रबंध कारिनि के अध्यक्ष, चंदन मुखर्जी, उपाध्यक्ष गोविंद मंडल, सचिव बलराम मंडल ,सहसचिव चंद्रशेखर यादव ने दीप जलाकर एवं भारत माता परम ब्रह्म ओम एवं मां सरस्वती के फोटो पर पुष्प चढ़ाकर किया गया। कक्षा प्रथम से पंचम तक के भैया बहनों में अपने-अपने दादा-दादी एवं नाना नानी का पारंपरिक ढंग से थाली लौटा द्वारा चरण परिछालन कर आरती उतार कर चरण पूजन एवं पुष्प अर्पित कर आरती उतारा गया । साथ ही सम्मान सभी दादा-दादी



नाना नानी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही प्रधानाचार्य ने अहिल्या बाईं होलकर के विषय में कहा अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए, उनकी वीरता धर्म निष्ठा और सुशासन को दशार्ता है, विनायक की देवी थी, अपने बेटे को सजा का आदेश दी थी, सादगी और धार्मिक निष्ठा एवं नारी शक्ति का प्रतीक थी, संस्कारों से शासीका तक उनका समर्पण उनके जीवन में मिलती है, इनका जन्म महाराष्ट्र के छोरी गांव में एक साधारण परिवार में हुआ था और अपने कार्य से महान बनी। कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि अंचल अधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने कहा आज के कार्यक्रम में अतित, भविष्य और वर्तमान तीनों को एक साथ देखकर सुनने का मौका मिला है, दादा-दादी नाना नानी से बच्चों का विशेष लगाव रहता है, शिक्षण संस्थान जब स्थापित होती है जो वहां पढ़ते हैं तो विद्यालय में बिताए गये पाल जीवन भर याद रहता है, धन्य है वह गुरु है जो हमारे जीवन का उद्धार करते हैं, मां-बाप बच्चों को जन्म देते हैं। लेकिन गुरु ज्ञान देते हैं, जो जैसा मेहनत करते हैं, उसे वैसा फल मिलता है। सरस्वती विद्या मंदिर विद्यासागर के ऐसे आयोजन से बहुत खुशी हुई कि समाज में ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो सामाजिक भावना को बढ़ाता है एवं संयुक्त परिवार कितना महत्वपूर्ण है, इसका प्रमाण भी मिलता है। कार्यक्रम में भैया बहनों में नित्य एवं भाषण तथा एकांकी कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का समापन की घोषणा चंदन मुखर्जी विद्यालय के अध्यक्ष ने की। मौके पर विद्यासागर स्कूल के सभी प्रधानाचार्य, सैकड़ो दादा दादी एवं अभिभावक सहित सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गये। उन्होने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सीसीटीवी द्वारा की जा रही निगरानी



का पैरामीटर पूर्ण हो एवं निरंतर उनकी जांच करते रहें, नियमानुसार सीसीटीवी का बैकअप सुरक्षित रखा जाएं। उन्होने कहा कि सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारी/कर्मचारियों सहित मनोज कुमार बहुजन समाज पार्टी, सुभाष चन्द्र शर्मा भारतीय जनता पार्टी, ताहिर हुसैन समाजवादी पार्टी उपस्थित रहे।

# एमआईईटी पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह, मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। पल्लवपुरम स्थित एमआईईटी पब्लिक स्कूल में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शैक्षिक उपलब्धियों और साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ चेयरमैन विष्णु शरण, निदेशक अजय बंसल और प्रधानाचार्या नवनीत चड्ढा ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने स्कूल गीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को उल्लासमय बना दिया।

प्रधानाचार्या नवनीत चड्ढा ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके उपरांत सुप्रीत, अयांश,




साईयांशी, रुद्रांश, विदुषी, प्रांजल, अखंड प्रताप, परीक्षित और दिव्या सोम सहित कई छात्रों को शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया।

साइंस ओलंपियाड में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले अनाया चौहान, माहिर जैन, वीर प्रताप, रेयांश बालियान, अंशिका चौहान, अयांश काम्बोज, विराज बालियान, मनु कश्यप, आयुष, समर पालीवाल, परीक्षित पालीवाल, प्रांजल चौधरी, रिपुदमन सिंह और सृष्टि तोमर को भी पुरस्कृत किया गया।

एमआईईटी ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गौरी, अयांश काम्बोज, मनु कश्यप, विदुषी भारद्वाज और शिवाय भारद्वाज को विशेष सम्मान मिला। वहीं अभिनव चौहान को शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया।

चेयरमैन विष्णु शरण ने सभी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। साथ ही अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बच्चों का आत्मविश्वास बनाए रखें और हर परिस्थिति में उनका मनोबल बढ़ाएं।

# बाराबंकी के 843 स्कूलों में समर कैंप जारी

## योग, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बच्चों ने लिया हिस्सा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।** बाराबंकी। जिले में चल रहे समर कैंप के दूसरे दिन 843 परिषदीय विद्यालयों में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालयों में योग, इंडोर-आउटडोर खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय के अनुसार, कैंप में पौधरोपण और पौधों की देखभाल जैसी गतिविधियां भी कराई गईं। यह कैंप 21 मई से 10 जून 2025 तक चलेगा। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए यह कैंप सुबह 7 से 10 बजे तक चलता है। प्रत्येक विद्यालय में दो अनुदेशक या शिक्षामित्र गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। बच्चों को मध्याह्न भोजन योजना के तहत पोषण आहार भी दिया जा रहा है। कैंप का पहला दिन जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक और ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में शुरू हुआ।

समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास करना है। इससे शिक्षक-विद्यार्थी संबंध मजबूत होंगे और सामुदायिक भागीदारी बढ़ेगी। कैंप के माध्यम से बच्चों में सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित की जा रही है। ग्रीष्मावकाश में खेलकूद, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों से बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद। कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनसुनवाई की। जिलाधिकारी महोदय ने जनसुनवाई के दौरान प्रार्थियों से शिकायतों/आवेदन को प्राप्त कर प्रकरण के बारे में मौखिक भी अवगत हुए। उन्होने प्रार्थियों को आवश्वस्त किया कि समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण कराया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कुछ मामलों का सम्बंधित से वार्ता कर मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से



निस्तारित करा दिया गया। शेष शिकायतों को सम्बंधित अधिकारी को निराकरण हेतु भेजते हुए, शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जन सुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों एवं अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय भी उपस्थिति रहे।

# केशवानंद के 85 छात्रों ने प्राप्त किया 95 प्रतिशत से अधिक अंक



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** सीकर। एनएच-52 स्थित स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान समूह के आरबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में 85 विद्यार्थियों ने 95 से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है जानकारी देते हुए आरबीएसई प्राचार्य विजेन्द्र सिंह मलिक ने बताया कि संस्थान की साक्षी वर्मा ने 98 प्रतिशत, कल्पना शर्मा ने 97.60 प्रतिशत, डिम्पल ने 97.40 प्रतिशत, अम्बीका ने 97.40 प्रतिशत, अंकिता नेहरा ने 97 प्रतिशत, ग्रवीत ने 96.60, दिनेश ने 96.60 प्रतिशत के साथ टॉप किया वहीं 85 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से उपर रहे। जबकि संस्थान के हर दूसरे विद्यार्थी ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर शानदार परीक्षा परिणाम दिया संस्थान का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा इस अवसर पर संस्थान के स्टाफ ने मिठाइयां खिलाकर खुशियां मनाई संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने संपूर्ण विद्यार्थियों और स्टाफ को शानदार रिजल्ट के लिए जानदार बधाइयां प्रेषित की।

# श्री टेऊंराम चालीसा महोत्सव का शुभारम्भ हुआ

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** आचार्य स्वामी टेऊंराम जी महाराज के 139 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष मे पोलो ग्राउंड स्थित श्री प्रेम प्रकाश आश्रम मे 40 दिवसीय चालीसा महोत्सव का बुधवार को हर्षोल्लास से शुभारम्भ हुआ। सिंधी समाज महिला उपाध्यक्ष ज्योति तनवानी ने बताया की आश्रम के संत महेशलाल के सानिध्य



मे सुबह शाम आश्रम मे भजन संध्या व चालीसा पाठ हुआ। प्रथम दिवस रात्रि मे चालीसा पाठ व जन्मोत्सव का आयोजन सेवादार दौलत मंगवानी परिवार द्वारा श्री झूलेलाल मंदिर मे किया गया, जिसमे मातृ शक्ति सहित सर्व समाज बंधु उपस्थित हुए.इस अवसर पर संत जी बताया की हमें आचार्य जी की जीवनी से सेवा, नाम जप की शिक्षा लेनी चाहिए।

# श्री मुरली मनोहर गौशाला मे गो माताओं के लिए हुई तरबूज की पार्टी



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** सीकर । नाथावतपुरा गांव के श्री मुरली मनोहर गौशाला मे गुरुवार को गौ माता को तरबूज की कटिंग कर खिलाये गए गो सेवक मुकेश कुमावत ने बताया की गौशाला के संचालक एवं संस्थापक अजीत सिंह नाथावत एवं अन्नपूर्णा माता के सानिध्य में गौ माता को तरबूज की पार्टी हुयी इसी सेवा कार्य में कामधेनु सेना की प्रदेश उपाध्यक्ष गो सेविका ज्योति तनवानी ,ज्योत्स्ना वर्मा सुनीता कुमावत ,गनु कुमावत, पुष्पा कुमावत, सौरव वयास, उमेद सिंह योगऋषि, कमलेश कुमार ,जितेंद्र कुमावत ,वीरेंद्र सिंह ,कृष्णा ,भागीरथ मानसी कुमावत ,मुकुंद ,कांजी ,भावना, राजू कुमावत ,गोपाल मंडली व गौ सेवक टीम सदस्य उपस्थित रहे।

# इंद्रप्रस्थ में 24 घंटे गुल रही बिजली, सड़क पर उतरे लोग, बोले- काम-धंधा हो गया चौपट

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** गाजियाबाद। कॉलोनी के निवासियों का आरोप है कि वे सभी जगह पर अपनी फरियाद लगाकर थक चुके हैं। बिजली विभाग के एसडीओ और जेई पर आरोप लगाते हुए कॉलोनी वासियों ने बताया कि फोन करने पर कोई भी फोन नहीं उठाता है।

भोपुरा स्थित इंद्रप्रस्थ योजना कॉलोनी में पिछले दस-बारह दिनों से लगातार हो रही बिजली आपूर्ति से परेशान लोगों ने बृहस्पतिवार को सड़क पर उतरकर प्रर्दशन किया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि 24 घंटे से कॉलोनी में बिजली नहीं होने की वजह से कॉलोनी लोगों ने बिजली घर पर पहुंचकर तीन चार घंटे प्रर्दशन किया और ऊर्जा निगम के खिलाफ नारेबाजी की।

स्थानीय निवासी निखिल रावत ने बताया कि कॉलोनी में बार-बार बिजली कट होने की वजह से लोगों का काम-धंधा चौपट हो गया है। कॉलोनीवासी बिजली का बिल देने के बाद भी परेशान है। जिसके कारण स्थानीय कॉलोनीवासियों में रोष है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात सात बजे से बृहस्पतिवार को सात बजे तक भी बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हुई। इससे परेशान होकर पहले स्थानीय लोगों ने बिजली घर जाकर रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग की।

उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से परेशान हैं, लेकिन बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी लोगों की समस्या नहीं सुन रहा है। डी- ब्लॉक रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने इस मामले में बिजली विभाग को समय-समय पर लिखित शिकायत की हैं, लेकिन बिजली विभाग द्वारा कोई सुनवाई आज तक नहीं की गई है।

कॉलोनी के निवासियों का आरोप है कि वे सभी जगह पर अपनी फरियाद लगाकर थक चुके हैं। बिजली विभाग के एसडीओ और जेई पर आरोप लगाते हुए कॉलोनी वासियों ने बताया कि फोन करने पर कोई भी फोन नहीं उठाता है। कॉलोनीवासी नगर पालिका के सभासद से लेकर लोनी विधायक तक अपनी बात पहुंचा चुके हैं। जहां से आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिलता है।

**PUBLIC NOTICE**

It is Publicly informed that Mrs. Sudha Devi W/o Mr. Praveen Kumar of Freehold Vacant Plot of Land area measuring 300 Sq. Yds., i.e., 250.8 Sq. Meters, out of Khasra No. 146mi, Situated in Village Malakpur, Pargana Dadri, Tehsil & District Gautam Budh Nagar, U.P., she is absolute owner as Gift Deed dated 06.05.20. 25 . as doc. no. 15268, book no.1, vol no. 47016, pages 393-406, SR-Sadar Greater Noida and Original Sale Deed 12.07.1999(as doc no. 4441, book no. 1, vol no. 183, pages 607-614.) is missing as FIR.No.069 Dated.01.04.2025..also we will be confirmed that he has clear interest in the subject property also no such legal dispute, if anyone have objection for same pls contact below details.Pls Raise objection at below detailsAdvocate Name: - Lucem Legal LLPOffice Address: B-93-B 2nd Floor Opp. SBI bank Sector 2 Noida 201301 UPContact No.011-40046316

# एक दिवसीय जागरुकता गोष्ठी का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** बाराबंकी।अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के मौके पर सुभाष चंद्र बोस जूनियर हाई स्कूल दहेजिया,मसौली मे एक दिवसीय जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मास्टर रामनरेश यादव ने किया। जैव विविधता गोष्ठी मे उपस्थित लोगो से रूबरू होते हुए विद्यालय प्रबंधक मास्टर रामनरेश यादव ने कहा कि जैव विविधता के मूल्य समझना आज की नई पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह हमारे ग्रह पर जीवन के लिए आवश्यक है। यह हमारी बुनियादी



जरूरतों को पूरा करता है, जैसे कि भोजन, पानी और आश्रय, और यह जलवायु को नियंत्रित करने, हवा को साफ करने और मिट्टी को स्वस्थ रखने जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं भी प्रदान करता है। कुमार पुष्पेन्द्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का लक्ष्य महत्वपूर्ण चुनौतियों की पहचान करने के साथझसाथ भावी पीढ़ी के लिए वैश्विक परिसंपत्तियों के रूप में जैव विविधता की भूमिका को समझना भी है। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता 2025 की थीम प्रकृति और सतत विकास के साथ सामंजस्य है। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद्र रावत ने कहा कि प्राकृतिक विविधता को सुरक्षित रखना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शरद सिंह सहायक अध्यापक राजेंद्र वर्मा, विमल सिंह, जितेंद्र सिंह, सतीश कुमार, वेद प्रकाश, अंकुर वर्मा, जितेंद्र सिंह यादव, अंजू वर्मा, नबिया बानो, आशु वर्मा , रेखा शर्मा, शालिनी वर्मा, रश्मि वर्मा, तृप्ति गौतम,काजल, मुस्कान, इकरा वारसी, खुशी,ममता आदि भी उपस्थित रहे।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।